

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,मंगलवार 25 नवंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-236 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## राम मंदिर शिखर पर फहराया धर्म ध्वजा

### मोदी बोले- ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज

**अयोध्या,25 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के 191 फुट ऊँचे शिखर पर औपचारिक रूप से भगवा ध्वज फहराया, जो मंदिर निर्माण के पूरा होने का प्रतीक है। इस समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष बिंदु की साक्षी बन रही है। आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। हर रामभक्त के हृदय में अद्वितीय संतोष है, असीम कृतज्ञता है, अपार, अलौकिक आनंद है।

मोदी ने कहा कि सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों का संकल्प आज सिद्धि को प्राप्त हो रहा है। आज उस यज्ञ की पूर्णाहुति है, जिसकी अग्नि 500 वर्ष तक प्रज्वलित रही। जो यज्ञ एक पल भी आस्था से डिगा नहीं, एक पल भी विश्वास से टूटा नहीं। उन्होंने कहा कि आज भगवान श्रीराम के गृभगृह की अनंत ऊर्जा, श्रीराम परिवार का दिव्य प्रताप, इस धर्मध्वजा के रूप में इस दिव्यतम, भव्यतम मंदिर में प्रतिष्ठापित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह धर्म ध्वज संकल्प का प्रतीक है। यह धर्म ध्वज संघर्ष से उत्पन्न विजय की गाथा है। यह धर्म ध्वज सदियों से संजोए गए स्वप्न का साकार रूप है। यह संतों की भक्ति और समाज की सामूहिक भागीदारी का पावन परिणाम है। आने वाली सदियों और सहस्त्राब्दियों तक, यह धर्म ध्वज भगवान राम के आदर्शों और सिद्धांतों का उद्घोष करता रहेगा। ये धर्मध्वजा केवल एक ध्वजा नहीं, ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। इसका भगवा रंग, इसपर रचित सूर्यवंश की ख्याति, वर्णित ॐ शब्द और अंकित कोविदार वृक्ष रामराज्य की कीर्ति को प्रतिरूपित करता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये ध्वज...संकल्प है, सफलता है! ये ध्वज...संघर्ष से सृजन की गाथा है, सदियों से चले आ रहे स्वप्नों का साकार स्वरूप है। ये ध्वज...संतों की साधना और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणीति है।

#### इकबाल अंसारी ने जताई खुशी

अयोध्या के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी ने राम मंदिर में 'ध्वजारोहण' समारोह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण है और देश-दुनिया से लोग जश्न मनाने आ रहे हैं, जो अयोध्या में खुशी की लहर को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शिखर पर पवित्र ध्वज फहराया जाना सद्भाव और देश की प्रगति की कामना के साथ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।



### सीजेआई सूर्यकांत का पहला बड़ा निर्णय

## ईसाई आर्मी ऑफिसर ने मंदिर में घुसने से किया था इंकार, सुको ने बर्खास्तगी को सही ठहराया

**नई दिल्ली,25 नवंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक ईसाई सैन्य अधिकारी की बर्खास्तगी को बरकरार रखा, जिसने एक मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि सेना एक धर्मनिरपेक्ष संस्था है और इसके अनुशासन से समझौता नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने अपने सैनिकों की भावनाओं को ठेस पहुँचाई है।" कोर्ट ने अधिकारी सैमुअल कमलेसन पर घोर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए उन्हें "सेना के लिए पूरी तरह अनुपयुक्त" बताया। सिख स्क्वाड्रन में तैनात सैमुअल कमलेसन ने अनुशासनात्मक कार्रवाई को चुनौती देते हुए तर्क दिया था कि मंदिर में प्रवेश के लिए मजबूर करना उनकी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि उनका आचरण वैध आदेश की अवज्ञा के बराबर है।



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें अधिकारी सैमुअल कमलेसन की सेवा समाप्ति को बरकरार रखा गया था। सीजेआई सूर्यकांत ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा वह कैसा संदेश दे रहे हैं...उन्हें सिर्फ़ इसी बात के लिए बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए था...एक सैन्य अधिकारी द्वारा घोर अनुशासनहीनता। अधिकारी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत के समक्ष तर्क दिया कि अधिकांश रेजिमेंटल मुख्यालयों में एक सर्व धर्म स्थल होता है। हालाँकि, पंजाब के मम में केवल एक मंदिर और गुरुद्वारा है। शंकरनारायणन ने प्रस्तुत किया इस विशेष रेजिमेंटल सेंटर में, केवल एक मंदिर या गुरुद्वारा है। उन्होंने (अधिकारी ने) मंदिर में प्रवेश करने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि गर्भगृह में प्रवेश करना मेरी आस्था के विरुद्ध है। मैं बाहर से फूल चढ़ाऊँगा, लेकिन अंदर नहीं जाऊँगा। किसी और को कोई समस्या नहीं थी, लेकिन एक वरिष्ठ अधिकारी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी।

### पैसों के बंटवारे पर 2 चोरों में विवाद,एक की हत्या

**बैकुंठपुर,25 नवंबर।** 2 युवकों ने मिलकर जेसीबी वाहन से डीजल की चोरी की थी। डीजल बेचकर मिले पैसों के बंटवारे के दौरान विवाद हो गया। इसके बाद एक ने दूसरे की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को तालाब में फेंक दिया था। घटना 16 अक्टूबर की है। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था। मृतक का शव 3 दिन बाद बरामद हुआ था।




### दिल्ली में निवेशकों से मुख्यमंत्री की वन-टू-वन मुलाकात

## छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विस्तार की अपार संभावनाएं : साय

**रायपुर,25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उद्योग जगत के निवेशकों के साथ वन-टू-वन मुलाक़ातें आज नई दिल्ली में प्रारम्भ हो गई हैं। कार्यक्रम के प्रथम चरण में जेके लक्ष्मी सीमेंट के शीर्ष अधिकारी मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे और छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुलाक़ात के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में अपने प्लांट का कार्य बढ़ाने तथा नए निवेश अवसरों की खोज में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उपलब्ध आधारभूत सुविधाएँ, वित्तीय अनुकूल वातावरण और औद्योगिक विकास की गति उन्हें छत्तीसगढ़ को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों को राज्य की नई औद्योगिक नीति, स्थिर एवं सुरक्षित वातावरण तथा तेज़ी से विकसित हो रहे औद्योगिक ढांचे की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उद्योगों के लिए विश्वसनीय, सरल और परिणामोन्मुखी परिवेश प्रदान कर रही है, जिससे निवेशकों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने जेके लक्ष्मी सीमेंट के अधिकारियों को आश्वस्त किया कि सरकार उद्योगों अनुकूल परिवेश प्रदान करने की भावना से कार्य कर रही है और राज्य में आने वाले हर निवेश का स्वागत है। उन्होंने कंपनी को प्रदेश में अपने विस्तार को आगे बढ़ाने तथा नई परियोजनाओं पर विचार करने के लिए आमंत्रित किया।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य में उद्योगों के लिए सिंगल-विंडो सिस्टम, उपयुक्त भूमि उपलब्धता, लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी, और कौशल सम्पन्न मानव संसाधन जैसी सुविधाएँ निवेशकों के लिए एक बड़ा आकर्षण हैं।

### संक्षेप

#### तंत्र-मंत्र से लकवा का इलाज का झांसा देकर लाखों की ठगी

**बालोद,25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बीमार पुलिस उप-निरीक्षक का तंत्र-मंत्र से इलाज का झांसा देकर 2 लाख से अधिक की ठगी मामले में आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. दो महिलाएं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है. पूरा मामला डौंडी थाना इलाके का है. दरअसल, प्रार्थीया धनेश्वरी ठाकुर (ग्राम खैरवाही, थाना डौंडी) ने पुलिस को शिकायत दी कि उनके लकवा-ग्रस्त पति के इलाज के नाम पर तांत्रिकों ने धोखाधड़ी की। उन्होंने कहा कि एक महिला तिखुर बेचने के लिए घर आई. इस दौरान उसने दावा किया कि उसका परिचित बैगा (जादू-टोना करने वाला व्यक्ति) पूजा-पाठ के जरिए उसके पति को ठीक कर देगा. कुछ दिन बाद अज्ञात दो महिला एक पुरूष प्रार्थीया के घर आकर पूजा पाठ के लिए नारियल, अगरबत्ती, दिया रखवाकर पूजा पाट किया. आरोपियों ने उनसे कहा कि पूजा में पैसा रखोगे तब पूजा फलित होगा नहीं तो सब अनर्थ हो जायेगा. इसके बाद प्रार्थीया ने घर में रखे 1,67,000 रुपए रख दिए, फिर में सोने-चांदी के मंगलसूत्र और पायल अन्य भी पूजा स्थल पर रख दिया. रकम और जेवरात वापस कर दिए जाएंगे कहा और अपनी बातों में उलझा लिया, जिसके बाद वह वहां से निकल गए. शिकायत के आधार पर पुलिस ने 480/2025 धारा 318(4),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया. जांच के दौरान पुलिस ने दो महिला और एक पुरुष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल लिया. इसके बाद आरोपियों के कब्जे में 92,000 नगद और सोने-चांदी के जेवर सहित मोबाइल फोन बरामद किया. जिन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है.

#### एसआईआर लोकतंत्र के लिए अमृत जैसा: तरुण चुघ

**रायपुर,25 नवंबर।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कहा कि यह वोटर शुद्धिकरण लोकतंत्र के लिए अमृत है. यह पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया है, इसमें राजनीति जैसा कुछ नहीं. घुसपैठिए, नकली वोटर, मृत वोटर लोकतंत्र को दीमक की तरह खोखला कर रहे है.

तरुण चुघ ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हर 20 साल में एसआईआर होता है, जिसका उद्देश्य फर्जी वोटरों को हटाना है. कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही है. भारत के संविधान ने सिर्फ भारतीय नागरिकों को मत का अधिकार दिया है. जो नागरिक ही नहीं, वह देश के भावी नेतृत्व के चुनाव में कैसे हिस्सेदारी करेगा? वहीं सचिन पायलट के दौरे और एसआईआर पर कांग्रेस की रणनीति को लेकर तरुण चुघ ने कहा कि चुनाव आयोग ने कांग्रेस को भी BLA-1 और BLA-2 नियुक्त करने की अनुमति दी है. जब कांग्रेस के साथ उनके विपक्षी दल झारखंड, बंगाल, हिमाचल, तमिलनाडु में जीतें तो प्रक्रिया सही, हारें तो चुनाव आयोग पर सवाल.

## विधायक ने रेलवे से पूछा, सिर्फ यात्री ट्रेनें ही क्यों रद्द होती है, मालगाड़ियां क्यों नहीं ?

बिलासपुर,25 नवंबर। कोहरे के नाम पर लगातार रद्द हो रही यात्री ट्रेनों को लेकर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है. उन्होंने दुर्ग से छपरा तक चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 66 दिनों के लिए रद्द किए जाने पर रेल मंत्री को पत्र लिखकर इसे नियमित रूप से चलाने की मांग की है. विधायक ने रेल प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या कोहरे का असर सिर्फ यात्री ट्रेनों पर पड़ता है, मालगाड़ियों पर नहीं? ठण्ड के मौसम में कोहरे के कारण यात्री ट्रेनों का रद्द होना आम बात है, जिससे आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रेलवे ने कोहरे का हवाला देते हुए देशभर में करीब 247 ट्रेनों को 50 से 90 दिनों के लिए रद्द कर दिया है, जिससे करोड़ों यात्रियों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हो रही हैं. इसको लेकर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने यात्रियों के हितों के खिलाफ बताया. उन्होंने कहा कि सारनाथ एक्सप्रेस छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार को जोड़ने वाली एक प्रमुख ट्रेन है. यह विशेष रूप से बिलासपुर से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण साधन है. छत्तीसगढ़ से प्रतिदिन हजारों लोग श्राद्ध, पिंडदान और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए प्रयागराज का सफर करते हैं. ऐसे में इस ट्रेन का लंबी अवधि के लिए रद्द होना लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है.

**कोहरे से निपटने आधुनिक तकनीक की मांग**-अटल ने कहा कि, यह केवल एक ट्रेन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता की आस्था और जरूरत से जुड़ी हुई है. इसके रद्द होने से बिलासपुर सहित पूरे क्षेत्र में यात्रियों में भारी चिंता और नाराजगी है. उन्होंने रेल मंत्री से मांग की है कि कोहरे से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक और सुरक्षा उपाय किए जाएं, लेकिन यात्री ट्रेनों का संचालन बंद न किया जाए.

## भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद

**राजनांदगांव,25 नवंबर।** राजनांदगांव जिले के थाना बोरतलाव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कौहापानी के पहाड़ी जंगल क्षेत्र में 19 नवंबर को हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के बाद चलाए गए सघन सर्चिंग अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। लगभग 300 अतिरिक्त बलों को शामिल कर चलाए गए ऑपरेशन के द्वितीय चरण में नक्सलियों के डेरे तक पहुंची पुलिस पार्टी ने भारी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री और महत्वपूर्ण नक्सली साहित्य व उपकरण बरामद किए हैं। यह अभियान उस स्थानीय सूचना के बाद शुरू किया गया था जिसमें कौहापानी जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति का पता चला था। जिला बालाघाट (मध्य प्रदेश), जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) की संयुक्त पुलिस पार्टी जब नक्सल विरोधी अभियान हेतु रवाना हुई, तो सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जिला बालाघाट, मध्य प्रदेश के एक बहादुर निरीक्षक आशीष शर्मा गोली लगने से शहीद हो गए।मुठभेड़ के पश्चात्, शहीद पुलिसकर्मी के बलिदान के बाद, पुलिस ने नक्सलियों की घेराबंदी और उन्हें पकड़ने के लिए अभियान को और अधिक तीव्र कर दिया। अगले 3-4 दिनों तक लगातार सघन सर्चिंग की गई। ऑपरेशन के द्वितीय चरण में एसटीएफ छत्तीसगढ़, डीआरजी राजनांदगांव और डीआरजी मोहला-मानपुर की प्रमुख भागीदारी रही। सर्चिंग पार्टी जब नक्सलियों के डेरे तक पहुंची, तो पुलिस को अपनी ओर आता देख नक्सली अपने सामान को छोड़कर जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। घटनास्थल से सुरक्षाबलों ने बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त की है, जिनमें शामिल हैं:

**मुठभेड़ में नक्सलियों के घायल होने की आशंका**-मुठभेड़ स्थल से कुछ दूरी पर भारी मात्रा में खून के धब्बे पाए गए हैं.

### अफगानिस्तान पर पाक की बममारी,10 की मौत

**करांची,25 नवंबर।** एक बार फिर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तान ने सोमवार रात अफगानिस्तान के तीन प्रांत खोस्त, कुनार और पक्तिका में एयरस्ट्राइक की। भारी बमबारी में 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 9 बच्चे और एक महिला शामिल है। पाकिस्तान की ताजा एयरस्ट्राइक ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के गुस्से को फिर से भड़का दिया है। तालिबान का कहना है कि पाकिस्तान ने यह हमला करके इस्तांबुल में हुए सीजफायर करार को तोड़ा है। वहीं इस पर पाकिस्तान की सेना और विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### शराब से भरी माजदा गाड़ी पलटी

जांजगीर चांम्पा,25 नवंबर। बिलासपुर से रेडा सरिया रायगढ़ जिले की ओर जा रही एक माजदा गाड़ी, जिसमें इंग्लिश और देसी शराब बड़ी मात्रा में भरी हुई थी, देर रात हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार CG 10 BE 931 नंबर की यह माजदा गाड़ी जब पामगढ़ के जुनेजा पेट्रोल पंप के पास पहुँची, तभी लगभग रात 11 बजे अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। गाड़ी पलटते ही शराब की पेटियां सड़क पर बिखर गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुँच गई और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में अंग्रेजी और देसी शराब किस उद्देश्य से लाई जा रही थी और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। फिलहाल राहत की बात यह है कि इस दुर्घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने गाड़ी और शराब को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ममतामयी कलेक्टर ने छात्रा की खुली चोटी को बांधा



**बालोद,25 नवंबर।** औचक निरीक्षण पर प्राथमिक स्कूल गुदुम पहुंची कलेक्टर दिव्य की नजर छात्राओं पर पड़ी. उनमें से एक छात्रा की चोटी खुली हुई थी. इसके बाद उन्होंने खुद ही अपने हाथों से छात्रा की चोटी बनाई. इस वीडियो की लोग खूब सराहना कर रहे हैं. बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में काफी तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो की काफी सराहना भी हो रही है. दरअसल कलेक्टर अपने औचक निरीक्षण के दौरान आदिवासी विकास खण्ड डौंडी के गुदुम प्राथमिक स्कूल पहुंची थी. दरअसल, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा डौंडी विकासखंड के प्राथमिक स्कूल गुदुम पहुंची थी. इस दौरान उन्होंने स्कूल की एक छात्रा की चोटी खुली देखी. बच्ची को अपने पास बुलाकर पूछा कि चोटी कैसे खुल गई है किसी से लड़ाई हुई थी क्या. छात्रा कहती है नहीं, किसी से लड़ाई नहीं हुई है. इसके बाद कलेक्टर दिव्या ने खुद ही छात्रा की चोटी बनाई.

बता दें कि कलेक्टर मिश्रा ने प्राथमिक शाला गुदुम के निरीक्षण के दौरान बच्चों के मध्यान्ह भोजन को चखकर भोजन की गुणवत्ता को परखा. बच्चों को स्कूल में प्रदान की जाने वाली मध्यान्ह भोजन बहुत ही स्वादिष्ट और गुणवत्तायुक्त होने पर कलेक्टर ने भूरी-भूरी सराहना की. इसके बाद कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में पहुंचकर अध्ययन-अध्यापन के व्यवस्था का जायजा लिया.

## क्रमोन्नति और पदोन्नति मामले में 1000 शिक्षकों की याचिकाएं खारिज

**बिलासपुर,25 नवंबर।** शिक्षकों के क्रमोन्नति और पदोन्नति से जुड़े मामले में हाईकोर्ट में आज सुनवाई पूरी हो गई है। वर्ष 2016-17 से लंबित क्रमोन्नति और पदोन्नति पाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिका की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास के सिंगल बेंच में हुई। हाई कोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है. बता दें दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था। क्रमोन्नति को लेकर लगभग 1000 शिक्षकों ने याचिका दायर की थी. शिक्षकों के क्रमोन्नति और सेवा संबंधी लाभों को लेकर शिक्षक रामनिवास साहू ने याचिका लगाई थी। रामनिवास साहू शिक्षक क्रमोन्नति मामले में चर्चित सोना साहू के हसबैंड है उन्होंने अपनी याचिका में सोना साहू की तर्ज पर क्रमोन्नति और 2016–17 से लंबित पदोन्नति दिए जाने की मांग की है। जस्टिस नरेंद्र व्यास के यहां पहले सिंगल बैंच में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई में क्रमोन्नति और पदोन्नति की दोनों मांगे खारिज कर दी गई।

सिंगल बैंच से मामला खारिज होने के बाद डबल बैंच में रीट अपील दाखिल की गई। आज मामले की अंतिम सुनवाई हुई। जिसमें याचिकाकर्ता रामनिवास साहू ने खुद उपस्थित होकर पैरवी की और दलीलें रखी। सरकार की क्रमोन्नति नीति और नियमों पर तर्क प्रस्तुत किए गए। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज सिंगल बेंच ने सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है.

राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं ने कहा कि 2017 में जारी सर्कुलर केवल नियमित शासकीय शिक्षकों के लिए लागू था। याचिकाकर्ता शिक्षक वर्ष 2018 में संविलियन के बाद शासकीय सेवक बने हैं। इसलिए उनकी सेवा अवधि की गणना उसी वर्ष से की जाएगी न कि पंचायत सेवा के आरंभिक वर्ष से। राज्य शासन ने कहा कि छह नवंबर 2025 को जारी सामान्य प्रशासन विभाग के नवीन परिपत्र में इस विषय को और स्पष्ट कर दिया गया है, जिससे यह भ्रम दूर हो गया है कि क्रमोन्नति किस आधार पर दी जानी है। सोना साहू प्रकरण की परिस्थितियां वर्तमान याचिकाओं से पूरी तरह भिन्न हैं। इसलिए उसे इन मामलों में मिसाल के तौर पर लागू नहीं किया जा सकता। शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के कुछ निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि रूल आफ ला के अनुसार पूर्ववर्ती सेवा की गणना तभी की जा सकती है जब संविलियन से पूर्व की सेवाएं नियमित या शासकीय स्वरूप में रही हों।

# फर्जी कंपनी बनाकर 5.51लाख की ठगी का आरोपी मिर्जापुर से गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,25 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कबीरधाम पुलिस द्वारा आर्थिक अपराध और ऑनलाइन ठगी के मामलों पर लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कवर्धा की टीम ने काव्या इंडस्ट्रीज के नाम पर सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाला आरोपी मनोज श्रीवास्तव पिता स्व. दयाशंकर श्रीवास्तव, उम्र 45 वर्ष, निवासी दाऊतपुर गोरखपुर उत्तर प्रदेश तथा वर्तमान पता बंसुंधरा, गाजियाबाद को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी नवीन जैन, निवासी महावीर स्वामी चौक कवर्धा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी ने स्वयं को काव्या इंडस्ट्रीज का मैनेजिंग डायरेक्टर बताकर उनसे कुल 5,51,000 रुपये की ठगी की। आरोपी ने प्रार्थी को सुपर डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त करने का प्रलोभन देकर विभिन्न खातों में रकम जमा करवाई तथा फर्जी




टैक्स इनवॉइस, ई-वे बिल और कंपनी के नाम से ई-मेल भेजकर धोखे में रखा। प्रार्थी द्वारा लखनऊ स्थित कंपनी के पते पर जाकर जांच करने पर पाया गया कि वहां ऐसी कोई कंपनी अस्तित्व में नहीं है।थाना कवर्धा में मामला अपराध क्रमांक 87/2024 धारा 420 भा.द.वि. दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपी के लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम बिहार के पूर्वी चंपारण तक गई, जहाँ आरोपी चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद आरोपी की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए उसे पुनः उत्तर प्रदेश राज्य के चुनार, जिला मिर्जापुर से 21.11.2025 की रात्रि में हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया तथा बताया कि ठगी की गई रकम का उपयोग उसने स्वयं व संजीव मिश्रा (प्रतापगढ़, उ.प्र.) के साथ मिलकर किया है। संजीव मिश्रा अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। आरोपी आदतन ठग है तथा विभिन्न राज्यों में कई लोगों को इसी प्रकार का आर्थिक नुकसान पहुँचा चुका है। आरोपी को दिनांक 22.11.2025 को रात 21.00 बजे विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई। उपरोक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप, ASI राजकुमार चंद्रवंशी, DSB से ASI संदीप चौबे, HC चुम्मन साहू, अभिनव तिवारी का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि अनजान व्यक्तियों द्वारा दिए जाने वाले व्यावसायिक प्रस्तावों, निवेश योजनाओं एवं ऑनलाइन सौदों की सत्यता की जांच अवश्य करें। किसी भी प्रकार की ठगी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन को दें।

### एमपी के गैंग ने की थी एटीएम लूटने की कोशिश

**भिलाई,25 नवंबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के ननकट्ठी गांव में चोरी की मेटाडोर का उपयोग कर बदमाशों ने एटीएम बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे मारकर एटीएम को उखाड़कर लूटने की कोशिश करने वाले मामले में पुलिस 40 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले के बाद खुलासा हुआ कि यह एमपी का गैंग था और एसयूवी में आए थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस हुलिए के आधार पर उनकी तलाश शुरु कर दी है गौरतलब हो कि 13 नवंबर देर रात दो से ढाई बजे के बीच ननकठी में हिताची कंपनी के एटीएम को उखाड़कर ले जाने टाटा कंपनी की मेटाडोर वाहन सीजी 07 एवी 1310 लेकर पहुंचे थे हिताची कंपनी के एटीएम को उखाड़ने के बाद बदमाशों ने उसे मेटाडोर वाहन में लोड कर दिया था, लेकिन तभी आवाज सुनकर एटीएम बूथ के बगल में रहने वाले परिवार के लोगों की नींद खुल गई कुछ गलत होने की आशंका से घर वाले बाहर निकले तो उनको देखकर बदमाश मेटाडोर वाहन छोड़कर भागने लगे।

## समाचार संक्षेप

### जनपद सदस्य मानकुर ने नम्बर प्लेट लगाने पाटन ब्लॉक में शिविर लगाने की मांग की

**उतई, 25 नवंबर।** जनपद पंचायत पाटन के सदस्य दुलेश्वर मानकुर ने जिला आर टी ओ अधिकारी की पत्र लिखकर पाटन ब्लॉक में शिविर लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि।जनपद पंचायत पाटन क्षेत्रार्गत आने वाले 108 ग्राम पंचायत के ग्रामीणो के द्वारा अपने वाहनो में HSRP नम्बर प्लेट लगाने हेतु बहुत दूरी तय कर वाहन पंजीयन केन्द्र जाना पड रहा है। तथा पंजीयन केन्द्र मे भीड अधिक होने के कारण पंजीयन कार्य मे देरी का सामना करना पड रहा है। जनपद पंचायत स्तर पर शिविर लगाने के संबंध में संचार एवं संकर्म समिति के बैठक के प्रस्ताव क्रमांक 02 मे शिविर हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है। जनपद पंचायत पाटन मे 10 से 15 दिनो के लिए शिविर लगाने की मांग की है।



### ग्राम निपनी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाई,25 नवंबर।** एक दिवसीय भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन यंग स्टार क्लब निपानी व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग किया जा रहा है जिसके शुभारंभ के मुख्य अतिथि जितेन्द्र वर्मा जी प्रदेश मंत्री भाजपा ,अध्यक्षता कल्पना नारद साहू ,विशिष्ट अतिथि कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा ,लालेश्वर साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष,रवि सिन्हा, सभापति जनपद पंचायत पाटन,बेनीराम साहू अध्यक्ष सेवा सह.समिति निपानी,निर्मल जैन महामंत्री ,धनराज साहू,राजेश ठाकुर सरपंच ,श्रीकांत चंद्राकर महामंत्री भाजयुमो, मुकेश ठाकुर, कुंजबिहारी सिन्हा,टेकेंद्र सिन्हा, नारद साहू ,भरत निर्मलकर,कन्हैया पाण्डेय,जगेंद्र सिन्हा,केशव बंछोर,गुलशन सोनी,नरेश सिन्हा , सालिक रघुवंशी,नरेश नट,दिलीप सिन्हा,जयप्रकाश,सिन्हा,रविशंकर जोशी तोरण साहू,मनीष कुमार,साथ ही यंग स्टार क्लब निपानी के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, सदस्यगण व अधिक संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आरोपी फरार,3 लाइन अटैच

**भिलाई,25 नवंबर।** भिलाई युवती के अपहरण मामले में आरोपी कथित तांत्रिक पुलिस कस्टडी से 21 नवंबर को फरार हो गया दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए एक प्रधान आरक्षक और दो आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है तीनों ही पुलिस कर्मी जामुल थाना में पदस्थ हैं आरोपी हेमंत अग्रवाल पर भिलाई कुरुद की एक युवती का अपहरण, मारपीट और दुष्कर्म का आरोप है 19 नवंबर की सुबह वह कुरुद इलाके से युवती को जबरन साथ ले गया था परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की इसके बाद कथित तांत्रिक हेमंत अग्रवाल को पकड़ने के लिए पुलिस ने दो दिनों तक बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा और रायपुर तक पीछाकर करने के बाद शुक्रवार को आरोपी को पकड़ा बताया जा रहा है कि आरोपी हेमंत अग्रवाल को जामुल पुलिस ने भिलाई - 3 थाने लाकर रखा था, लेकिन न तो यहां के स्टाफ को इसकी विधिवत जानकारी दी गई और न ही रोजनामचा में कोई प्रविष्टि दर्ज की गई आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसे थाने के बाहर ही बैठा दिया था इसी दौरान हेमंत मौका पाकर वहां से फरार हो गया किसी भी तरह की लिखा-पढ़ी भी नहीं की गई थी प्राथमिक जांच में तैनात पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने प्रधान आरक्षक दिनेश कुमार, आरक्षक रत्नेश कुमार शुक्ला और आरक्षक चेतराम गुरूंग तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है ।



### यातायात नियमों का उल्लंघन,512 का चालान



**भिलाई,25 नवंबर।** भिलाई यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 512 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई है दुर्घटना कम करने ड्रिंक एंड ड्राइव और बिना हेलमेट पर यातायात का फोकस सबसे ज्यादा है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ? ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन सुरक्षा के तहत यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा नागरिकों को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करने के लिए शहरभर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में सेंट्रल एवेन्यू रोड स्थित प्रमुख चौक-चौराहों पर ड्रिंक एंड ड्राइव न करने, ओवरस्पीडिंग से बचने, हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने जैसे संदेशों वाले बैनर एवं पोस्टर लगाए गए हैं इनका उद्देश्य आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक बदलाव लाना है जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों में बिना हेलमेट 65, नो पार्किंग 25, मॉडिफाइड साइलेंसर 19, रैश ड्राइविंग 15 व अन्य प्रकरण मिलाकर कुल 512 चालान किया गया साथ ही ड्रिंक एंड ड्राइव के 12 मामलों में वाहनों को जब्त कर प्रकरण न्यायालय भेजा गया ।

### दो लाख के गांजा सहित महिला गिरफ्तार



**भिलाई,25 नवंबर।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने दो लाख रुपए के अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वाली महिला को गिरफ्तार किया है आरोपी महिला के खिलाफ धारा 20 (ख), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खगेन्द्र पठारे ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक महिला स्वागत मैरिज हॉल नदी रोड सिरसा के सामने अवैध रूप से धन लाभ अर्जित करने हेतु मादक पदार्थ गांजा रख कर बिक्री कर रही है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर स्वागत मैरिज हॉल नदी रोड सिरसा के सामने पहुंची, जहां एक संदेही महिला को घेरी बंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर एक सफेद रंग के प्लास्टिक झिल्ली में रखे मादक पदार्थ गांजा सहित वजनी 2.003 कि.ग्राम कीमत 2 लाख रुपए, बिकी की नगद रकम 1450 रु, मोबाइल जब्त किया गया जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने आरोपी शेख ईदबी (41 साल) निवासी ग्राम सिरसा खुर्द को गिरफ्तार किया है ।

# सीजीपीएससी में चयनित योगेंद्र का गांव पहुंचने पर स्वागत



**उतई, 25 नवंबर।** पाटन विधानसभा क्षेत्र के भनसुली निवासी योगेंद्र निर्मल जी का CGPSC में 32वां रैंक प्राप्त कर नायब तहसीलदार का दायित्व मिलने पर उनके प्रथम गृह ग्राम भनसुली आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भव्य स्वागत एवं सम्मान कर बधाई दी।

भाजपा प्रदेश मंत्री श्री जितेन्द्र वर्मा जी इस दौरान भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ योगेन्द्र निर्मल का निवास पहुंचकर 114वें रैंक से 32वें रैंक प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश मंत्री श्री जितेन्द्र वर्मा जी ने कहा कि योगेन्द्र निर्मल का प्रेरणादायक सफर उनकी अदम्य इच्छाशक्ति, सतत परिश्रम, अनुशासन, समर्पण एवं अटूट लगन का प्रतीक है। श्री वासुदेव निर्मलकार पिता योगेंद्र निर्मल का परिवार प्रारंभ से ही धार्मिक एवं ओजस्वी बुद्धि वाला परिवार है, सामाजिक कार्यक्रमों में भी उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी होती है।नगर पंचायत अध्यक्ष श्री योगेश निक्की भाले जी ने कहा कि योगेन्द्र निर्मल जी प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहा है। 12 जनवरी को योगेन्द्र निर्मल जी के मार्दशन में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, उस समय से मैंने उनकी प्रतिभा को देखा था, यह मेरा भी सौभाग्य था कि उस कार्यक्रम में मुझे भी सेवा का अवसर प्राप्त हुआ था। आज उन्हें सम्मानित करते हुए यह अनुभव हुआ कि हमारे क्षेत्र के युवा अपनी प्रतिभा, लगन और समर्पण से निरंतर नई ऊँचाइयाँ स्थापित कर रहे हैं।इस अवसर पर प्रमुख रुप से रानी बंछोर भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष ,योगेश निक्की भाले अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन,निशा सोनी नगर पंचायत पाटन उपाध्यक्ष,केवल देवांगन सभापति नगर पंचायत पाटन,देवेंद ठाकुर सभापति नगर पंचायत पाटन,योगेश सोनी,चंद्रप्रकाश देवांगन,केशव बंछोरसरपंच भगवती साहू , उप सरपंच पद्ममन साहू समाज अध्यक्ष महेन्द्र हिरवानी ,मंथीर साहू, विनोद साहू सचिव , अजय निर्मल, गजाधर प्रसाद हिरवानी , पूर्व सरपंच नीलमणि हिरवानी , दानी राम तारक , बाहरु राम निर्मल, धीरेन्द्र साहू, बल्लू साहू , डोमेश देवांगन , सोनू सेन , पप्पू साहू , डोमन साहू, दामिनी निर्मल , पूजा साहू , पार्वती बुधु लाल देवांगन , बिसहत,कार्यकर्ता साथी, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में युवा साथी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### पहली बार बाइक से पहुँची महिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, ग्रामीणों को मिली उम्मीद की नई किरण

**नारायणपुर,25 नवंबर।** जिले के अबूझमाड़ के घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित जाटलूर कभी नक्सलियों के शीर्ष नेताओं का गढ़ माना जाता था। यह वही क्षेत्र है जहाँ नक्सल संगठन के महासचिव बसवा राजू को सुरक्षा बलों ने ढेर किया था। वर्षों तक हिंसा और दहशत के कारण प्रशासन की पहुँच से दूर रहे इस इलाके में अब बदलाव की नई शुरुआत हो रही है। इस ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक बनी हैं जिले की महिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, जो जाटलूर तक बाइक से पहुँचनें वाली पहली कलेक्टर बन गई हैं।कलेक्टर ममगाई ने अपने दौरे में ढोंडर बेड़ा, आदेर, कुड़मेल और जाटलूर की आश्रम शालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल विद्यालयों की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्था का जायजा लिया।

# छत्तीसगढ़ पीएससी में देवादा के अमन वर्मा ने तीसरे प्रयास में हासिल की 35वीं रैंक

**उतई, 25 नवंबर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की ऐतिहासिक धरती ग्राम देवादा के प्रतिभाशाली युवक अमन वर्मा ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी में 35वीं रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कृषक परिवार से आने वाले अमन ने यह उपलब्धि अपने तीसरे प्रयास में प्राप्त की है। उनके पिता रूपनारायण वर्मा किसान हैं, जबकि माता रेखा वर्मा गृहिणी हैं।अमन का बचपन और स्कूली शिक्षा पूरी तरह गांव की मिट्टी से जुड़ी रही है। उन्होंने कक्षा 12 तक की पढ़ाई देवादा के ही शासकीय विद्यालय में पूरी की। ग्रामीण परिवेश, सीमित संसाधन और चुनौतियों के बावजूद अमन ने अपने लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा।अमन की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से गांव में हर्ष का माहौल है।



सफलता की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत देवादा की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा, उप सरपंच सोहन साहू, फुण्डा सोसायटी अध्यक्ष नीलेश्वर वर्मा सहित समस्त पंचगण उनके निवास पहुंचे और उन्हें तथा उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने कहा कि अमन वर्मा ने कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद तीसरे प्रयास में यह बड़ा मुकाम हासिल किया है। कृषक परिवार से निकलकर इतनी बड़ी रैंक लाना पूरे गांव के लिए प्रेरणा है।उप सरपंच सोहन साहू ने भी कहा कि अमन की सफलता गांव के युवाओं के लिए मार्गदर्शक है और यह साबित करती है कि निरंतर अध्ययन और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि अमन बचपन से ही मेहनती और अध्ययनशील रहे हैं। घर की आर्थिक जिम्मेदारियों में माता-पिता का सहयोग करते हुए उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। मौके पर प्रमुख रूप से नीलू वर्मा,सोहन साहू उपसरपंच,धर्मेन्द्र वर्मा,रेणु वर्मा, जितेन्द्र निर्मल,आलोक वर्मा,प्रेमलता वर्मा, सरोज वर्मा, सरिता साहू, टोप सिंग यादव, मनहरन जोशी, शीला वर्मा, शिवबाति, सुनीता धिवर,बिनु वर्मा,रामबाई ठाकुर, तीरथ साहू,चमेली ,परीक्षित वर्मा, प्रताप निर्मल,दिलीप वर्मा,मया राम, रमेन्द्र वर्मा,समस्त पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिले में समर्थन मूल्य धान खरीदी व्यवस्था बनी किसानों की पहली पसंद

**धमतरी, 25 नवम्बर ।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था इस वर्ष पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हितों को केंद्र में रखकर संचालित की जा रही है। प्रशासन द्वारा तकनीकी नवाचारों और सुविधाओं के व्यापक विस्तार से किसानों को त्वरित तथा सुचारू सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं, जिसके परिणाम अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

इसी सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल ग्राम रुद्री के कृषक श्री राजेश साहू हैं, जिन्होंने 'टोकन तुम्हार द्वार' मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन बुक कर निर्धारित समय पर खरीदी केंद्र पहुँचकर बिना किसी प्रतीक्षा के अपना धान विक्रय किया। सेवा सहकारी समिति सोरम में उन्होंने 80 क्विंटल धान की बिक्री की। श्री साहू बताते हैं कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था ने किसानों को भीड़, लंबी कतारों और समय की बर्बादी से पूरी तरह मुक्त कर दिया हैकृयह व्यवस्था किसानों के लिए वास्तव में एक




बड़ा राहत कदम साबित हुई है।राजेश साहू ने इस वर्ष 4 एकड़ भूमि में धान की खेती की। समय पर सिंचाई, उन्नत कृषि पद्धतियाँ तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से उन्हें इस बार बेहतर उत्पादन प्राप्त हुआ। पिछले वर्ष खरीदे गए ट्रैक्टर ने उनके काम को काफी सुगम बना दियाकृखेत की जुताई, समतलीकरण, कटाई और परिवहन जैसे कार्य अब पहले की तुलना में अधिक तेजी, कम लागत और बेहतर दक्षता के साथ संपन्न हो रहे हैं इस वर्ष की धान बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग वे ट्रैक्टर की किस्त चुकाने, कृषि ऋण भुगतान, रबी फसल हेतु उन्नत गुणवत्ता के खाद-बीज खरीदने, तथा सिंचाईदृसुविधाओं को मजबूत करने में करेंगे। साथ ही वे अपने खेत के एक हिस्से में ड्रिप सिंचाई प्रणाली लगाने और खेती में जैविक तरीकों को बढ़ावा देने की भी तैयारी कर रहे हैं, ताकि भविष्य में उत्पादन और आयकृदोनों में वृद्धि हो सके। साहू का कहना है कि शासन द्वारा लागू की गई सुविधाएँकृऑनलाइन टोकन व्यवस्था, खरीदी केंद्रों में पारदर्शी प्रक्रियाएँ, कृषि यंत्रों पर अनुदान तथा किसानों को हर स्तर पर सहायताकृग्रामीण कृषकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इससे किसानों का समय, श्रम और धनकृतीनों की बचत हो रही है और वे आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बनते जा रहे हैं। धमतरी जिला प्रशासन की ओर से यह प्रयास है कि प्रत्येक किसान को निर्बाध, पारदर्शी और सुविधाजनक खरीदी व्यवस्था का लाभ मिले।

### 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा

**महासमुंद 25 नवंबर।** केंद्र शासन के निर्देशानुसार 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में त्रिस्तरीय पंचायतों के समस्त प्रतिनिधि गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है।कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने बताया कि इस वर्ष का थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत के सभा कक्ष में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रस्तावना वाचन और चर्चा के तहत संविधान के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने हेतु 26 नवंबर को दिन भर जिले में प्रीएम्बल रीडिंग रिले आयोजित की जाएगी। शैक्षिक संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों को भी प्रस्तावना वाचन के निर्देश दिए गया हैं। राज्य से प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक के माध्यम से रिले सम्मिलित होंगे।

### मसपुर क्षेत्र में एक माह में बिजली सुविधा बंद होने से ग्रामीण नाराज़



**नारायणपुर,25 नवंबर।** अबूझमाड़ के मसपुर पुलिस कैम्प शुरू होने के बाद आसपास के गाँवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत जो मूलभूत सुविधाएँ पहुंचाई गई थीं, उनमें ताड़ोबेड़ा गांव में घर-घर बिजली पहुंचना सबसे बड़ी उपलब्धि मानी गई थी। आज़ादी के बाद पहली बार दशकों की प्रतीक्षा के पश्चात जब गांव में बिजली की रौशनी फैली थी, तो ग्रामीणों में खुशी का माहौल था। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस सुविधा का स्वागत किया था और लंबे समय बाद अंधेरे से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी थी।लेकिन यह खुशी ज्यादा दिन टिक न सकी। गांव में बिजली सप्लाई शुरू हुए मुश्किल से एक महीना ही बीता था कि अचानक सप्लाई बंद हो गई। आज इस घटना को पूरा एक साल हो चुका है, लेकिन बिजली फिर चालू नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में भारी नाराज़गी है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार कुंदला सब-स्टेशन में बिजली बंद होने की शिकायत की, लेकिन आज तक कोई अधिकारी समस्या का समाधान करने के लिए गांव तक नहीं पहुंचा। लोगों ने बताया कि वे फिर से उसी पुराने दौर में लौट आए हैं जहाँ सिर्फ सोलर लाइट के एक बल्ब के सहारे रातें काटनी पड़ती हैं। ग्रामीणों के अनुसार, ÷अगर सरकार सुविधा दे रही है तो उसे सही तरह से देना चाहिए। यहाँ तो पता भी नहीं चला कि बिजली कब आई और कब चली गई।÷घर-घर लगाए गए बिजली मीटर और बल्ब अब पिछले एक साल से बेकार पड़े हुए हैं और ग्रामीण उन्हें ÷सफेद हाथी÷ कहकर अपना दर्द बयां करते हैं। ताड़ोबेड़ा के लोग बताते हैं कि गांव में बिजली पहुँचने से जो उम्मीदें जगी थीं, वह अधूरी रह गईं। गांव की महिलाएँ कहती हैं कि बच्चों की पढ़ाई पर इसका बड़ा असर पड़ा है, जबकि किसान बताते हैं कि छोटी-मोटी मशीनों का उपयोग भी अब संभव नहीं रहा।जब इस पूरे मामले पर विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो वे कैमरे के सामने कुछ भी कहने से बचते दिखाई दिए। इससे ग्रामीणों के आक्रोश में और वृद्धि हुई है। लोग अब उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द ध्यान देगा और तड़ोबेड़ा के घरों में फिर से बिजली की रौशनी लौटेगीग्रामीणों ने सरकार और बिजली विभाग से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए ताकि गांव दोबारा लंबे अंधेरे में न डूबे। उनका कहना है कि विकास योजनाओं का लाभ तभी सार्थक है जब वे निरंतर और जिम्मेदारीपूर्वक लागू की जाएं।तड़ोबेड़ा के ग्रामीणों को आज भी उम्मीद है कि सरकार और विभाग उनकी बात सुनकर जल्द ही उन्हें स्थाई बिजली सुविधा प्रदान करेंगे।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बुधवारिन का सुंदर आवास बनने का सपना हुआ साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,25 नवंबर।** प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिये वरदान साबित हो रहा है।शासन की इस जन कल्याणकारी योजना का सीधा लाभ बैगा समुदाय के लोगों को मिल रहा है।दुर्गम,वनांचल एवं पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए पक्का मकान बनाने का अभियान अब मूर्त रूप ले रहा है।कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत छूही के आश्रित ग्राम-गुड़ली के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की हितग्राही श्रीमती बुधवारिन बाई बैगा पति श्री सोमनाथ बैगा का अपना पक्के आशियाने का सपना अब साकार हो गया है। बुधवारिन बाई ने आवास पूर्ण होने पर



खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा दोनों बदल दी है।वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवास की मंजूरी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पात्रता में नाम दर्ज किया गया।आवास के लिए पात्र होने पर जिला प्रशासन द्वारा अविलंब आवास के लिए 2 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर प्रथम किश्त की राशि रूपये 40 हजार उनके बैंक खाते में ऑनलाइन डी बी टी से जमा किया गया जिससे पक्का आवास बनाने का कार्य प्रारंभ हो गया।आवास मित्र के सहयोग व तकनीकी सहायक के मार्गदर्शन पर आवास का निर्माण कार्य आगे बढ़ता गया। आवास की प्रगति के आधार पर द्वितीय से लेकर अंतिम किश्त की राशि हितग्राही को जारी कर दी गई। देखते ही देखत बुधवारिन बाई के सपनों का घर बनकर तैयार हो गया। बुधवारिन बाई ने बताया कि आवास निर्माण में कार्य करने पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से 95 दिवस का मजदूरी भुगतान 24795 रुपए अलग से अतिरिक्त लाभ के रूप में मिला।बुधवारिन बाई आगे बताती है कि पहले इनका 8 सदस्यी परिवार कच्चे झोपड़ीनुमा मकान में निवास करते थे। अपने परिवार का भरण -पोषण मजदूरी व कृषि कार्य कर जीवन चलाती थी ऐसे में पक्का आवास बनाना बहुत कठिन था। मौसम के अनुसार अनेक परेशानियां विशेष कर बरसात के दिनों में बहुत होती थी। ऐसे में पक्का आवास मिलने से सारी समस्या दूर हो गई है। अब वे अपने परिवार के साथ पक्के आवास में रहते हुये चैन की नींद सो रहे है। अपना पक्का घर होने से समाज में पूछ-परख भी पहले से अधिक बढ़ गई है। बुधवारिन बाई को आवास के साथ-साथ शासन की अन्य महत्वकांक्षी योजना जैसे प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से गैस-चूल्हा, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण से शौचालय, नल-जल योजना से पीने के पानी की व्यवस्था, सौभाग्य योजना से बिजली, महतारी वंदन योजना से 1000 रूपये प्रति महीना मिल रहा है।आयुष्मान कार्ड से स्वास्थ्य सुविधा निशुल्क मिल रहा है एवं सस्ते खाद्यान्न का स्त्रोत राशन कार्ड का लाभ भी मिल रहा है। बुधवारिन बाई जिला प्रशासन को अपने आर्थिक एवं सामाजिक वृद्धि हेतु आभार व्यक्त करते हुये विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के पक्के आवास के सपन को पूरा करने के लिये देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं छत्तीसगढ़ के मुखिया श्री विष्णुदेव साय और अपने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का धन्यवाद करती नहीं थकती।

## एक नजर

### वारंटियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी के लिए चलाया विशेष अभियान

**बलौदाबाजार 25 नवंबर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर, क्षेत्र रायपुर के कुशल निर्देश पर जिले में स्थाई/गिरफ्तारी वारंट की तामीली के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार श्री अभिषेक सिंह के नेतृत्व में स्थाई/गिरफ्तारी वारंट तामीली के लिए चलाए गए इस अभियान में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी व उनकी टीम ने 12 घंटे में 62 स्थाई/गिरफ्तारी वारंट तामिल किया, जो अब तक आधे ही दिन में बड़ी संख्या में स्थाई/गिरफ्तारी वारंट तामिल किया गया है। जिले में आज प्रातः 04.00 बजे से वारंटियों की धरपकड़ हेतु थाना/चौकी प्रभारी व उनकी पुलिस टीम लगी हुई थी। पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम लम्बे समय से फरार वारंटियों के लुकछिप कर रहने एवं छिपने के ठिकानों के संबंध में जानकारी जुटाई गई। इस बीच कई वारंटियों के रात के अंधेरे में अपने घर आने एवं सुबह होने से पहले फरार हो जाने की जानकारी भी मिली। कई शातिर आरोपी जिले के अपराध में संलग्न होने से माननीय न्यायालय द्वारा वारंट जारी किये जाने पर पहचान छिपाकर सीमावर्ती जिलों में रहने लगे थे। उक्त जानकारियों के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आज तड़के सुबह 04.00 बजे ही वारंटियों के निवास स्थान एवं छिपने के ठिकानों पर आकस्मिक दबिश दिया गया, जिसमें 28 स्थाई वारंटी एवं 34 गिरफ्तारी वारंटी आरोपियों को पकड़ते हुए कुल 62 वारंट तामिल किया गया है। वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है।

### जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 25 नवंबर।** प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 21.11.2025 की रात्रि 09:00 बजे आरोपी संदीप बंजारे एवं भूपेंद्र बंजारे द्वारा घर अंदर जबरदस्ती घुसकर, जमीन बंटवारे की बात को लेकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए, जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया गया। इसी प्रकार दिनांक 22.11.2025 को भी घर के सामने आकर आरोपियों द्वारा मिलकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1137/2025 धारा 296,115(2),351(2),333,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल आरोपी संदीप एवं भूपेंद्र बंजारे को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा जमीन बंटवारे की बात को लेकर प्रार्थिया के साथ अश्लील गाली गलौच, कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके घर अंदर जबरदस्ती घुसकर, उसके साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों को आज दिनांक 24.11.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### धमतरी में 26 नवम्बर को कार्यशाला

**धमतरी, 25 नवंबर।** केन्द्रीय पेट्रो-रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रायोजन तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धमतरी के सहयोग से ग्रीन पैकेजिंग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अवसर और व्यवहारिक तरीके विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 26 नवम्बर 2025 को दोपहर 2 बजे से होटल जिंजर लीफ, गंगरेल रोड, रुद्री, धमतरी में आयोजित होगी। कार्यशाला में सभी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की पंजीकृत इकाइयाँ निःशुल्क भाग ले सकती हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगों को पर्यावरणदूअनुकूल पैकेजिंग की दिशा में उन्नत तकनीकों, नवाचारों तथा व्यावहारिक उपायों की जानकारी प्रदान करना है। कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा ग्रीन पैकेजिंग के उपयोग, इसके लाभ, उद्योगों में इसके क्रियान्वयन की संभावनाओं तथा व्यवसाय को अधिक प्रगतिशील बनाने संबंधी विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

# किसानों के लिए तकनीक बनी मददगार,तुंहर टोकन ऐप से समय पर एवं पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था से किसानों में खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 नवंबर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के दौरान किसानों को सुविधाजनक एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने राज्य शासन द्वारा लांच की गई तुंहर टोकन मोबाइल ऐप के अच्छे परिणाम दिखाई दे रहे हैं। समय पर व पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था से किसान खुश हैं। इस तकनीक का लाभ उठाते हुए बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम केसला के मेहनतकश किसान राजा राम जायसवाल ने इस खरीदी सीज़न में मोबाइल ऐप के माध्यम से समय पर टोकन प्राप्त कर कुल 302 कट्टा धान शासकीय उपार्जन केंद्र अमेरा में विक्रय किया। किसान श्री जायसवाल ने बताया कि डिजिटल टोकन व्यवस्था से खरीदी केंद्र में भीड़-भाड़ और लंबी प्रतीक्षा से मुक्ति मिली है। पूर्व की तुलना में खरीदी प्रक्रिया अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई है, जिससे कृषि कार्य और घरडूपरिवार दोनों के लिए पर्याप्त समय मिल पा रहा है। इसी प्रकार, किसान भुनेश्वर साहू ने भी बताया कि तुंहर टोकन ऐप किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। उनके अनुसार, अब घर बैठे कुछ ही मिनटों में टोकन मिल जाता है और निर्धारित समय पर धान की तौल हो जाती है। अनावश्यक दौड़भाग नहीं होती और देरी की समस्या भी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से किसानों का समय और श्रम बच रहा है, जिससे उत्पादन और विपणन दोनों में तेजी आई है। धान विक्रय के बाद किसान राजा राम जायसवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य ने किसानों को मजबूत आर्थिक संबल प्रदान किया है। प्राप्त राशि का उपयोग उन्होंने सर्वप्रथम कृषि से संबंधित ऋण भुगतान में किया, जिससे परिवार पर वित्तीय दबाव कम हुआ। साथ ही, बच्चों की शिक्षा के लिए राशि सुरक्षित रखी गई और शेष धनराशि को आगामी कृषि सीज़न की तैयारी – उन्नत बीज, खाद, कृषि उपकरण तथा खेत सुधार कार्य – में निवेश करने का निर्णय लिया है। किसान श्री जायसवाल ने खरीदी केंद्रों में समाधान पेटी की व्यवस्था के लिए कलेक्टर श्री दीपक सोनी के प्रति भी आभार जताया।

उन्होंने कहा कि समाधान पेटी के माध्यम से किसान अपने सुझाव एवं समस्याएँ सीधे प्रशासन तक पहुंचा पा रहे हैं, जिससे खरीदी व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। प्रशासन द्वारा तकनीक आधारित सेवाओं, सुविधाजनक प्रबंधन और सतत मॉनिटरिंग के कारण जिले में धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी है तथा किसान संतुष्टि के साथ समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर रहे हैं।

### चार-चार थाना पार होकर शराब का जखीरा पहुंच रहा है औधी तहसील

# पुलिस पर लगे गंभीर आरोप, बाहरी लोग बेच रहे हैं काउंटर में अवैध शराब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**मोहला 25 नवंबर।** शराब नीति में कठोर कानून बनने के बावजूद चार चार थाना, 50 किलोमीटर पार होकर शराब का जखीरा जिले के आखिरी तहसील तक पहुंच रहा है , आरोप लग रहा हैं की मोटी रकम लेकर औधी थाना के संरक्षण में इस पिछड़े आदिवासी बेल्ट के गांव गांव मे बसे बाहरी लोग सरकार के सरकारी दुकान के तर्ज पर काउंटर में अवैध शराब बेधड़क परोस रहे हैं , जहां शराब दुकान की तरह हर ब्रांड अवेलेबल है, जबकि अवैध नशे के कारोबार के लिए कलेक्टर तुलिका प्रजापति तथा पुलिस कप्तान वाईपी सिंह ने प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ कठोर कदम उठाने का थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है बावजूद इस तरह का अवैध धधा जिले में बेखौफसंचालित है।

उल्लेखनीय की लगातार जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के बढ़ते ग्राफ का कारण प्रशासनिक स्तर पर शराब सेवन को बताया जा रहा है इसी बीच मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी अनुसूचित जनजाति जिले के आखिरी तहसील औंधी मे अवैध शराब का कारोबार लुक छुप के नहीं बेधड़क काउंटर से चल रहा है जिसके चलते युवा पीढ़ी के सांथ साथ आदिवासी बाहुल्य गांव में निवासरत ग्रामीण नसे के आगोश में बर्बादी के राह पर हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार औधी क्षेत्र के कई गांवो में औधी थाना के संरक्षण में अवैध शराब का बेधड़क कारोबार किया जा रहा है। बताया गया कि इस कारोबार में गांव में बसे बाहरी लोग लिप्त है जो अंग्रेजी शराब के हर ब्रांड के साथ-साथ देशी मदिरा ब्लैक में दुगुनी रेट पर बेच रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणो का आरोप है कि इसके एवज में औधी पुलिस काला धन एकत्रित कर रही है। इस तरह की गतिविधि हो रही है होगी तो पूरे मामले की पड़ताल कर एक्शन लिया जाएगा। वाईपी सिंग पुलिस कप्तान मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी मानपुर से 50 किलोमीटर तक कैसे पहुंच रही है शराब की खैप-औधी क्षेत्र मे बेधड़क बेची जा रही अवैध शराब मानपुर मुख्यालय में स्थित सरकारी शराब दुकान से औधी 50 किलोमीटर दूरी तक मनमाने तौर पर कैसे पहुंच रही है वह जांच का विषय है, परंतु इस अति संवेदनशील रास्ते में मानपुर,कोहका ,सीतागांव, गढडोमी पुलिस कैंप के साथ साथ औंधी थाने मे तैनात पुलिस जवान व अफसरों की पैनी नजर रहती है।

इन गांवों में बेची जा रही है बेधड़क अवैध शराब-ग्रामीणों के मुताबिक जिले के आखिरी औंधी तहसील के मेढा, पालेभट्टी, डोंगरगांव आदि गांवों मे बाहरी लोग बेखौप शराब की हर ब्रांड काउंटर में बेच रहे हैं जिसका क्षेत्र वासियों ने वीडियो भी बनाया है। ग्राम प्रमुख साधे है चुप्पी-मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के सड़क हादसे में हो रही निरंतर मौत का जिम्मेदार शराब सेवन को बताया जा रहा है, परिवार शराब के आगोश मे बर्बादी के रास्ते में है गांवो में बिक रही अवैध शराब और उन गांवो के सरपंच, सचिव, पटेल, ग्राम अध्यक्ष, कोटवार इस कारोबार के संरक्षण को लेकर खामोश बैठे हुए हैं जो चिंता का विषय है।

## एसआईआर के राष्ट्रीय महायज्ञ में भाजपा की पूर्णाहुति सुनिश्चित हो : जामवाल

**रायपुर 25 नवंबर।** भाजपा रायपुर जिला की एसआईआर को लेकर गहन समीक्षा बैठक माननीय क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं माननीय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में आहुत की गयी । जिसमे मुख्य रूप से राजनांदगाँव के सांसद संतोष पाण्डेय, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी रायपुर के सभी विधायकगण एवं रायपुर के महापौर उपस्थित रही। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में जानकारी देते हुए कहा की वार्ड, मंडल एवं जिले स्तर पर एसआईआर की कार्यशाला आयोजित की गयी। लगातार बूथ स्तर से लेकर एसआईआर की समीक्षा सभी से ली जा रही है। प्रत्येक विधानसभा की विस्तृत जानकारी जिसमे कितने फॉर्म वितरण हुआ एवं कितने फॉर्म प्राप्त हुए इसकी जानकारी दी । आने वाले 4 दिसम्बर तक इस गहन मतदाता सूची पुननिरिक्षण का कार्य शत प्रतिशत करने का विश्वास दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जानकारी दी की लगातार नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम के सभी पार्षदों से लगातार एसआईआर के कार्य को अपना कर्तव्य समझकर गंभीरता से करने का निर्देश दिया और युवा मोर्चा को भी जमीनी स्तर पर काम करने के लिए निर्देशित किया गया है। मतदान हमारा अधिकार इस भावना को लेकर जनता के बीच में जन जागरण अभियान चलाना है। माननीय अजय जामवाल ने एसआईआर के कार्य को गंभीरता से करने के लिए सभी को निर्देश दिए। हमें जागरूक नागरिक होकर एसआईआर के कार्य को करना है राष्ट्रीय नेतृत्व भी इसकी गहन निगरानी कर रहा है। शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी को एसआईआर के इस अभियान को पूर्ण रूप से समय सीमा के तहत सौ प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा की एसआईआर का कार्य भारत माता कार्य है ।

# कलेक्टर ने पीएससी में चयनित जिले के होनहार युवाओं को किया सम्मानित

■ भविष्य की जिम्मेदारियों के लिये दी शुभकामनायें

**बलौदाबाजार, 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा 2024 में विभिन्न पदों पर चयनित जिले के प्रतिभावान युवाओ ने सोमवार को कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाक़ात की। कलेक्टर श्री सोनी ने युवाओं को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उन्हें भावी जिम्मेदारियों की बेहतर निर्वहन के लिये शुभकामनाएं दीं। इस दौरान युवाओ के अभिभावक भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सोनी ने युवाओं से संक्षिप्त परिचय प्राप्त कर पीएससी की तैयारी और चयनित पद की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नवप्रेरणा कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही उड़ान आईएएस एकेडमी से भी एमओयू हुआ है जिसमें 40 चयनित युवाओं को निःशुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा मिलेगी। बताया गया कि इस बार पीएससी में जिले के 6 युवाओं का चयन हुआ है। इसमें से 4 युवाओ ने सोमवार को कलेक्टर से मुलाक़ात की जिसमें उप पुलिस अधीक्षक पद पर चयनित टिकुलिया भाटापारा के हितेंद्र सिंह बाघे, आबकारी उपनिरीक्षक पद पर चयनित कटगी के देवाशीष शर्मा, सहकारिता विस्तार अधिकारी पद पर चयनित हरिनभट्ठा पलारी के ओजस्वी कुमार पटेल एवं नायब तहसीलदार के पद पर चयनित नेवधा के करन सोनी शामिल हैं।



## समाचार संक्षेप

### जे. बी. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने तिल्दा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया



**तिल्दा नेवरा 25 नवंबर।** जे. बी. पब्लिक स्कूल, तिल्दा के छात्रों ने कलिंगा यूनिवर्सिटी, रायपुर द्वारा आयोजित Science Working Model Competition 4.0 में में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए "Most Promising Award" प्राप्त कर और विद्यालय व तिल्दा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का आयोजन कलिंगा यूनिवर्सिटी, नया रायपुर में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के विभिन्न स्कुलों से छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 200 से अधिक वर्किंग साइंस मॉडल प्रस्तुत किए गए । इसी क्रम में जे. बी. पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र पूरब निषाद, पुष्कर वर्मा और लक्की ध्रुव ने "Power Rakshak" नामक अभिनव मॉडल तैयार किया। यह मॉडल स्ट्रीट लाइट पावर बॉक्स (MCB Bo&) की सुरक्षा हेतु बनाया गया है, जिसे केवल एक विशेष कार्ड की सहायता से ही खोला जा सकता है । इसका मुख्य उद्देश्य– बिजली संबंधी सुरक्षा सुनिश्चित करना, इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से बचाव, तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। निर्णायक मंडल ने इस मॉडल की विशेष प्रशंसा की और इसे भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी तकनीकी नवाचार बताया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को पाँच हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या एवं समस्त शिक्षकों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

### धर्मनगरी में राष्ट्र चिंतन पर संगोष्ठी की रूप रेखा के लिए संगठनों की बैठक आयोजित



**डोंगरगढ़ 25 नवंबर।** धर्मनगरी में आगमी 14 दिसम्बर को राष्ट्र चिंतन पर संगोष्ठी का आयोजन रखा गया है जिसकी प्रारम्भिक रुप रेखा हेतु समाजिक धार्मिक व प्रबुद्धजनों की बैठक महावीर मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई जिसमे देश के ख्याति प्राप्त पत्रकार व प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ जी का आगमन होना तय किया गया उक्त आयोजन में मुख्य विषय युवा चेतना एवं वर्तमान परिदृश्य में देश के समक्ष चुनौतियां एवं समाधान पर भाई सहाब का व्याख्यान धर्मप्रेमियों व राष्ट्रवादियों को प्राप्त होगा। उक्त कार्यक्रम सर्व हिन्दू समाज व संगठनों के तत्वावधान में बड़ी माँ बम्लेश्वरी छीरपानी मंदिर परिषर में 14 दिसम्बर दिन रविवार दोपहर 3 बजे से आयोजित किया जायेगा सर्व समाज व युवाओ से अपील की गई राष्ट्र चिंतन संगोष्ठी में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनायें। पंजीयन हेतु बार कोड दिया जिसे स्कैन कर अपना पंजीयन कर सकते है यह आयोजन श्रोताओ के लिए निःशुल्क रखा गया है।

### कलेक्टर ने की धान खरीदी प्रगति की समीक्षा

**बलौदाबाजार,25 नवंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता,कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सुव्यवस्थित खरीदी के साथ अवैध धान पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



कलेक्टर ने कहा कि मण्डी सचिव थोक व्यापरियो का सत्यापन एवं अवैध धान पर कार्यवाही करें और जानकारी जिला कार्यालय को प्रेषित करें। इसके साथ ही खाद्य निरीक्षक फिल्ड में मुस्तैद रहकर कड़ी निगरानी करें ताकि अवैध धान किसी उपार्जन केन्द्र में ने खपने पाए। उन्होंने कहा कि किसानों को अतिरिक्त रकबे का समर्पण कराएं एवं जो किसान समर्पण कर रहे हैं उसकी डेली रिपोर्ट भी दे। बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कुल पंजीकृत कृषक 165012 एवं कुल उपार्जन केन्द्र 166 हैं।अब तक 6472 किसानों से 27384.60 मिट्रिक टन धान खरीदी हुई है।



**सिमगा 25 नवंबर।** विशेष गहन पुनरीक्षण वार्ड क्रमांक 4 भाग क्रमांक 33 में फार्म भरवाते हुवे अविहित अधिकारी प्रकाश कुमार कुम्भकार व सहयोगी अंकलेश गाजलवॉर एसआईआर प्रतिभा सोनी बीएलओ का फार्म भरवाते हुवे।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लाक शाखा के पदाधिकारियों सहित

# डाइट नगरी में नव निर्वाचित प्रांताध्यक्ष ने किया शपथग्रहण

**नगरी 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय चुनाव समिति के दिये गये दिशानिर्देश के आधार पर ब्लॉक शाखा नगरी में में भी निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद दिनांक 22 नवंम्बर 2025 को डाइट नगरी में नव निर्वाचित प्रान्ताध्यक्ष रविन्द्र राठौर जी की विशेष उपस्थिति में शपथग्रहण प्रारंभ हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनाथ साहू जी प्राचार्य डाइट नगरी, जिला धमतरी, विशेष अतिथि के.आर.साहू जी,वि.खं.शिक्षा अधिकारी नगरी, रविन्द्र राठौर जी प्रान्ताध्यक्ष की अध्यक्षता में, दौलत ध्रुव जी,जिलाध्यक्ष धमतरी, प्रकाश चंद साहू जी बी.आर.सी.सी.नगरी, एवं जोहन नेताम जी व्याख्याता डाईट नगरी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।सर्व प्रथम समस्त अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन कर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात् प्राथमिक शाला देवपुर के बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसे सभी अतिथियों ने खूब से सराहा। सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के संरक्षक एस बी मिर्जा, संगठन मंत्री गजानंद सोन,अध्यक्ष ममता प्रजापति,



उपाध्यक्ष प्रकाश चंद साहू, नवदीप सलाम,बिरन सिंह नेताम,भरत गठेल,सचिव गोविंद निषाद,सह सचिव कमलेश्वर चन्द्राकार,कोषाध्यक्ष चम्पेश्वर साहू,शशीकला बैरागी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,छनिता साहू, चन्द्रकुमारी नौरंगे, अनिल कुमार साहू एवं टिकेश्वर साहू व सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों,जिला सदस्यों को पद? गोपनीयता की शपथ दिलाया गया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष गजानंद सोन ने बताया कि उद्बोधन की कड़ी में सर्व प्रथम ममता प्रजापति अध्यक्ष ब्लॉक शाखा नगरी ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए संघ संगठन की बातें व विकासखंड स्तर पर शिक्षक संवर्ग को होने वाली कठिनाईयों के संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी से संबंधित बातें रखीं। विशेष अतिथि जोहन नेताम जी व्याख्याता डाइट नगरी,व प्रकाश चंद साहू जी बी.आर.सी.सी.ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष शिराज बख्स ने संगठन संबंधी आवश्यक बातें व विकास खंड स्तर पर आने वाली समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट किया।व समस्त साथियों में उत्साह भर दिया। जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव जी ने जिला स्तर पर सहायक शिक्षक एवं शिक्षक संवर्ग को होने वाली कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए शिक्षक एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पर अति शीघ्र पदोन्नति से संबंधित बातें बताई। विशेष अतिथि के आर साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी ने अपने उद्बोधन में विकासखंड स्तर पर शिक्षक संवर्ग की समस्याओं को त्वरित निराकरण करने संबंधी एवं कार्यालय कार्य में सहयोग की अपेक्षा संबंधी बातें दोहराई गई। मुख्य अतिथि रामनाथ साहू जी प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी जिला धमतरी के द्वारा संघ संगठन के महत्व एवं अन्य गतिविधियों पर सभी शिक्षकों को संगठन के सहयोग करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रविंद्र राठौर जी प्रांताध्यक्ष के द्वारा संघ संगठन की संकुल,जोन,ब्लॉक व जिला स्तर पर हुए निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल व निर्वाचित होने वाले समस्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग से ही हम अपने मूल मांग वेतन विसंगति, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त लाभ,क्रमोन्नति, पुरानी पेंशन योजना को लागू करने संबंधी समस्या को दूर करने में सड़क की लड़ाई लड़ने, टेट परीक्षा व विभिन्न मुद्दों पर अदालत के सम्मुख अपनी मांग रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।व समस्त साथियों को हमेशा संघर्ष कर, अपने अधिकारों के लिए लड़ाई हेतु प्रेरित किया। कार्यकारणी सदस्य भरत साहू, सुजीत कुमार देवांगन, रुपेश सिन्हा,हरीश निर्मलकर, स्नेहलता कुर्रा, स्कंद शेष,किरण साहू, मनीष ठाकुर, खिलावन चतुर्वेदी, रूपेंद्र साहू एवं यूरेश झारिया,बलभद्र साहू, नूतन डोटे, अजय देवांगन जितेंद्र वीर कश्यप मनेष कुमार देवांगन, चंद्रभान गजपाल, रोहित देवांगन के द्वारा कार्यक्रम को विशेष सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम को प्रवक्ता हुलास सूर्याकर द्वारा सुमधुर, कर्ण प्रिय आवाज में संचालन किया गया। समस्त अतिथियों को मोमेंटो, श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया गया। शपथग्रहण समारोह में लुकेश राम साहू ब्लाक अध्यक्ष कुरुद,तेज लाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी,परमेश्वर साहू,फालेश्वर कुर्रे,सोनबेर, टीकम ध्रुव,सुनील सिन्हा,खेमचंद देशलहरे,आदि आमंत्रित अतिथि ने कार्यक्रम की प्रसंशा की। राजेन्द्र वर्मा महामंत्री प्रकाश चंद साहू उपाध्यक्ष गजानंद सोन संगठन मंत्री ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए ब्लाक संगठन की गतिविधियों का ध्यान आकृष्ट किया। उक्त कार्यक्रम में जिला सदस्य प्रकाश चंद कुंजाम, देवेन्द्र सर,चंद्रहास सिन्हा, रोहित साहू, कुमारी साहू, योगेश्वरी ध्रुव, संतोष बांधव,केशर साहू,कविता साहू, दीक्षा सुर्वंशी, कुमोदनी नेताम उपस्थित रहे।

संपादकीय

## लोकतंत्र में इतनी तो आपसी समझ होनी चाहिए

हमारे देश में वसुधैव कुटुंबकम की मान्यता है, यानी की विश्व एक परिवार की तरह है। जिस तरह परिवार के लोग एक दूसरे का ख्याल रखते हैं, उसी तरह विश्व के देशों को, विश्व के लोगों को एक दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। इससे सबका भला होता है। इसी तरह किसी देश में जितने राजनीतिक दल होते हैं,उनमें भी यह भावना होनी चाहिए कि हमारा देश एक परिवार है, हम सब इस परिवार के सदस्य हैं. इस परिवार के कल्याण के  बार में सोचना और कहना और करना हमारी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में भी यही भावना होनी चाहिए कि सारे राजनीतिक दलों को देश व राज्य के हित में काम करना है, जो सत्ता में है उसकी भले ज्यादा जिम्मेदारी हो, जो विपक्ष में है उसकी भी उतनी ही जिम्मेदारी है। हमारे देश के राजनीतिक दलों में आजादी के बाद ऐसी भावना थी। सब यही सोचते थे कि देश के लिए काम करने की सब की अपनी भूमिका है। सबको अपनी भूमिका का निर्वाह पूरी ईमानदारी से करना है। सब करते थे लेकिन आजादी के बाद के वर्षो में यह भावना कम होती गई और आज तो हमारे देश में स्थिति यह है कि जो राजनीतिक दल सत्ता में नहीं है, वह मानते ही नहीं है कि राज्य व देश के लिए उनकी कोई जिम्मेदारी है। उनका मानना रहता है कि जिसे जनता ने चुना है, वह देश व राज्य के हित में काम करेगा, हमारा काम तो सरकार के हर काम को गलत बताना है। हर बार चुनाव लडऩा है और एक दूसरे के बारे में कटु से कटु आरोप लगाना है। अच्छा तो यह होता कि चुनाव खत्म होने के बाद सारे राजनीतिक दल चुनाव में क्या कहा, क्या किया यह भूल जाते। दुर्भाग्य है कि हमारे देश में ऐसा नहीं होता है। एक राजनीतिक दल को जनता चुनाव में जिताती है और बाकी दलों को हराती है तो राजनीतिक दल अब तो यह भी नहीं मानते हैं कि जनता ने उनको हराया है। वह जनादेश को भी नहीं मानते हैं, जनादेश का अपमान करते हैं, यह कहते हैं कि जो चुनाव जीता है, उसे जनता ने नहीं जिताया है, उसने वोट चोरी कर चुनाव जीता है। चुनाव आयोग ने वोट चोरी में उस राजनीतिक दल की मदद की है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के बीच पैदा हुई कटुता पांच साल तक बनी रहती है। कोई दल लगातार चुनाव हारता जाता है तो यह कटुता और गहरी होती जाती है और हारने वाले राजनीतिक दल जीतने वाले दल से नफरत व घृणा करने लगते हैं। उसकी जीत उनके लिए असहनीय हो जाती है। गुस्सा व नफरत हर हार के बाद बढ़ता जाता है। वह यही मानते हैं कि देश में लोकतंत्र ही नहीं बचा है क्योंकि चुनाव हम नहीं जीत रहे हैं, क्योंकि चुनाव दूसरा दल जीत रहा है, एक नहीं दो नहीं तीन तीन बार लगातार जीत रहा है। हमारे देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस निरंतर हारते हारते ऐसी ही राजनीतिक पार्टी हो गई है। कांग्रेस को अमरीकी नेताओं से सीखना चाहिए चुनाव के बाद सभी राजनीतिक दलों में इतनी समझ तो होनी चाहिए कि अब हमको राज्य व देश के लिए मिलकर काम करना है। हम मिलकर काम करेंगे तो ही राज्य व देश मजबूत होगा, राज्य का भला होगा। हाल में अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप व न्यूयार्क के मेयर ममदानी चुनाव के बाद मिले तो एक रिपोर्टर ने ममदानी से सवाल पूछा कि क्या अब भी वह ट्रंप को तानाशाह मानते हैं तो ममदानी  के जवाब देने के पहले ट्रंप ने कहा कि आप ऐसा कह सकते हैं। मुझे कोई परेशानी नहीं है।इस मौके पर ट्रंप ने ममदानी को जीत की बधाई दी। ममदानी ने बैठक के  बाद कहा कि हमारी मीटिंग में असहमति पर फोकस नहीं थी बल्कि लोगों के जीवन व न्यूयार्क को और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। ट्रंप ने कहा कि हम ममदानी की मदद करेंगे ताकि सुरक्षित न्यूयार्क का निर्माण हो। चुनाव के दौरान ट्रंप ने कहा था कि वह न्यूयार्क का फंड रोक देंगे, वही ममदानी ने ट्रंप को तानाशाह कहा था लेकिन चुनाव के बाद दोनों यह भूल गए कि उन्होंने चुनाव में क्या कहा था। उन्होंने यह याद रखा कि न्यूयार्क को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। न्यूयार्क को कैसे और सुरक्षित बनाया जा सकता है। हमारे देश के बड़े नेता शशि थरूर ने कहा है कि लोकतंत्र ऐसा ही होना चाहिए। लोकतंत्र में नेताओं को ऐसे ही अपने देश के लिए काम करना चाहिए। चुनाव के बाद एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए, जीत की बधाई देना चाहिए और राज्य व देश हित में एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। हमारे देश में राहुल गांधी लोकतंत्र की बात तो बहुत करते हैं लेकिन कई बार उनके आचरण से ऐसा नहीं लगता है कि वह लोकतांत्रिक हैं।

# ही-मैन धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि: सदियों तक याद रहने वाला बॉलीवुड का अमर सितारा

श्रद्धांजलि

अजय कुमार,



हिंदी सिनेमा के रूपहले पर्दे पर एक ऐसा नाम जिसने सात दशक तक अपनी चमक से परचम लहराया, वह नाम था धर्मेंद्र। पंजाब की मिट्टी से उठकर बॉलीवुड की सबसे बुलंद ऊंचाइयों तक पहुंचने वाले इस अभिनेता ने जो सफर तय किया, वह किसी सपने से कम नहीं। वह सिर्फ सुपरस्टार नहीं थे, बल्कि ऐसे कलाकार थे जिनके संवाद, जिनकी मुस्कान और जिनकी बहादुरी का अंदाज़ लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगा। उन्हें ही-मैन कहा गया, ग्रीक गॉड कहा गया, और यही दर्जे उन्हें उनकी प्रतिभा, सरलता और अदम्य हौसले ने दिलाए। आज लाखों-करोड़ों प्रशंसकों के दिलों में एक टीस हैङ्क दुख हैङ्क और कहीं न कहीं एक मलाल भी। उन्होंने अपने चहेते सितारे को वह विदाई नहीं दे पाई, जिसके वे सच्चे हकदार थे। अंतिम पलों तक अस्पताल से घर तक जो गोपनीयता बरती गई, उसने उनके चाहने वालों को बेचैन रखा। किसी महानायक को विदा देने का अपना एक तरीका होता है। लोगों को उनकी झलक आख़िरी बार देखने का हक होता है। पर इस बार यह हक छिन गया। यही सोचकर हर धर्मेंद्र प्रेमी का दिल भारी है।लेकिन जाने वाले चले जाते हैंङ्क रह जाता है उनका काम, उनका प्यार, और उनकी अमर कहानी। धर्मेंद्र की कहानी ऐसी ही है। गांव के साधारण लड़के धरम सिंह देओल का मुंबई जाकर धर्मेंद्र बन जाना, और वहां लाखों दिलों पर राज करना। मिनर्वा सिनेमा में एक फिल्म देखते हुए उनके दिल में जो सपना जागा था, उसने पूरी दुनिया को चमत्कृत कर दिया। छठीं में पढ़ता एक सीधा-सादा लड़का, जिसे अपने स्कूल में पहली बार किसी से मासूम प्यार हुआङ्क वही लड़का बाद में भारतीय सिनेमा का सबसे आकर्षक चेहरा बना। धर्मेंद्र ने अभिनय की शुरुआत उन फिल्मों से की, जिनमें उन्होंने भावनाओं की गहराई और इश्क की सादगी दिखाई। लेकिन असली तूफान तब आया, जब वह ऐक्शन के राजा बन गए। उन्होंने बॉडीबिल्डिंग को बॉलीवुड में नया स्थान दिया। मजबूत कंधे, दमदार आवाज, और सामने खड़ा विलेन हो या हालात  धर्मेंद्र कभी पीछे नहीं हटते थे। शोले में वीरू के किरदार ने पूरे देश को हिला दिया। वह सिर्फ मज़ाकिया बहादुर ही नहीं थे, बल्कि दोस्ती का सबसे खूबसूरत प्रतीक भी थे। बसंती, इन कुत्तों के सामने मत नाचनाङ्क यह सिर्फ संवाद नहीं था, एक मर्द की असली संवेदनशीलता की पहचान था उनकी फिल्में जैसे मेरा गाँव मेरा देश, यादों की बारात, जुगनू, शालीमार, चरस,





द बर्निंग ट्रेन  हर दशक में धर्मेंद्र के नाम की गारंटी ही फिल्म की सफलता की गारंटी थी। ऐसा कम होता है कि दो-दो सुपरस्टार राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन के दौर में कोई तीसरा कलाकार उसी दमखम से छाया रहे। पर धर्मेंद्र छाए रहे क्योंकि वह राजनीति और कैंपबाज़ी से दूर थे। वह किसी गुट का हिस्सा नहीं, बल्कि पूरी इंडस्ट्री के चहेते थे। उनके चेहरे पर कभी अहंकार की झलक नहीं आई। जितने बड़े स्टार, उतने ही ज़मीन से जुड़े इंसान।और जब वह रोमांस करते थे तो पर्दा पिघल जाता था। दर्शक मान लेते थे कि प्रेम इतना ही सहज, उतना ही खरा होता है। हेमा मालिनी के साथ उनकी जोड़ी तो आज भी दिलों में ताज़ा है। वह रिश्ते में भी उतने ही सच्चे थे, जितने पर्दे पर दिखाई देते थे। उनकी हंसी में पंजाब की मिट्टी की खुशबू थी, उनकी आंखों में जज़्बातों की सच्चाई। समय बदला, दौर बदला, पर धर्मेंद्र की चमक नहीं घटी। जब कई बड़े सितारे अस्सी के दशक में फ्लॉप होने लगे थे, वह तब भी हिट पर हिट देते रहे लोहा, हुकूमत, कातिलों के कातिल जैसी फिल्में इस बात की गवाह हैं। यही कारण था कि उनकी फैन-फ़ॉलोइंग तीन-तीन पीढ़ियों तक फैली। दादा भी उनके दीवाने, बेटा भी और पोता भी।आज जब वह हमारे बीच नहीं हैं, तो लोग टूटे हुए हैं। सोशल मीडिया से गलियों तक बस एक ही सवाल  आखिर क्यों उनके अंतिम संस्कार में वह राष्ट्रीय सम्मान नहीं मिला, जिसके वह हकदार थे? क्यों वह चेहरे जिन्हें आखिरी बार देखकर लोग चैन पाते, उन्हें देखने का मौका किसी को नहीं मिला? क्यों ही-मैन को एक गहरे शीशों वाली एंबुलेंस में चुपचाप ले जाया गया? उनके चाहने वालों की पीड़ा यह सोचकर और बढ़ जाती है कि उनकी अंतिम यात्रा चुपके से पूरी हो गई, जबकि वह पूरी दुनिया के नायक थे। पर शायद उनका परिवार नहीं चाहता था कि उनका आखिरी दृश्य भीड़, शोर और अफरातफरी में बदले। धर्मेंद्र जिंदगी भर शोहरत में रहे, शायद जाना उन्होंने सादगी से चाहा। फिर भी दिल तो फैंस का ही होता हैङ्क उसकी उम्मीदें हमेशा कुछ और चाहती हैं।धर्मेंद्र की जिंदगी में जितने चकाचौंध वाले दिन थे, उतनी ही भावुक यादें भी थीं। वह अपने स्कूल, अपनी मिट्टी, अपने साहनेवाल को कभी नहीं भूले। जब भी जाते, बचपन के दोस्तों से मिलते, अपने पिता की पुरानी कुर्सी देखकर भावुक हो जाते। यह वही धर्मेंद्र थे सुपरस्टार भी और बहुत बड़ा इंसान भी।आज जब हम उनकी फिल्मों के दृश्य याद करते हैं  शोले का टंकी वाला वीरू, चुपके-चुपके का विनम्र प्रोफ़ेसर, मेरा गाँव मेरा देश का बदला लेने वाला हीरो  तो महसूस होता है, यह कलाकार कभी बुजुर्ग नहीं हुआ। वह हमेशा जवान रहा, हमेशा जिंदादिल रहा। यह विडंबना ही है कि जिसे दुनिया ने हाथों-हाथ सिर पर बैठाया, उसी दुनिया से उनका अंतिम मिलन अधूरा रह गया। लेकिन यह अधूरापन ही उनके प्रति लोगों का सच्चा प्रेम है। जब जनता किसी कलाकार के जाने पर रो पड़ती है तो यही सबसे बड़ा राष्ट्रीय सम्मान है। उन्हें सलामी बंदूकों से नहीं, करोड़ों दिलों से मिली।धर्मेंद्र जैसे सितारे मरते नहींङ्क वे सिर्फ पर्दे के पीछे चले जाते हैं। उनकी आवाज, उनकी हंसी, उनके संवाद, उनका अंदाज़ हमेशा जिंदा रहेगा। आने वाली पीढ़ियाँ भी जब वीरू की शरारतें देख हंसेंगी, जब गांव के नायक को बंदूक थामे देख रोमांचित होंगी  तब धर्मेंद्र फिर से परदे पर लौट आएंगे।आज हम सिर्फ इतना कहना चाहते हैं कि धरम जी, आपने हमें प्यार, हिम्मत और सादगी सिखाई। आप चले गए, पर हम आपको भूल नहीं पाएंगे और आपकी विरासत सदियों तक ज़िंदा रहेगी। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे। अफसोस यह है कि हम आपको आखिरी बार देख भी न पाए, पर विश्वास यह है कि आप हर दिल में हमेशा दिखाई देंगे।

## राशिफल

मेष आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा, लेकिन आपके शत्रु भी आपका काम बिगड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। आपकी धार्मिक कामों में भी काफी रुचि रहेगी। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा, तभी वह समय से पूरे हो सकेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि उनके सेहत में कोई समस्या खड़ी हो सकती है।

वृषभ आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। समाज में आपके अच्छे कामों की सराहना होगी  और आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। आप कोई काम समय से पूरा करने के लिए समय निकालेंगे।  आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें, इसलिए किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन फिर भी आप परिवार के सदस्यों के लिए समय निकालेंगे, जिससे आपको उनके मन में चल रही समस्याओं को दूर करने का मौका मिलेगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। पार्टनरशिप में आप कोई व्यवसाय करने की ना सोंचे। यदि आप किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करने की सोच रहे हैं, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया दिया था, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। पिताजी की सेहत में गिरावट आ सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी।

सिंह आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आप अपने दोस्तों के साथ समय बिताएंगे और अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। राजनीति से जुड़ा कोई मामला आज सुलझ जाएगा, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने कामों को धैर्य व संयम से निपटाने की आवश्यकता है। मित्रों का सहयोग आप पर बना रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों के साथ किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

कन्या आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। लंबे समय से चली आ रही परेशानी दूर होंगी। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना होगा और यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे आप समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। संतान पढ़ाई-लिखाई को लेकर किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकती है। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप समय निकालेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

तुला आज का दिन आपके लिए इन्कम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी इन्कम के बढ़ने से काफी खुश होंगे। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। कुछ नए लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी। बेवजह के भागदौड़ अधिक रहेगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन संबंधित मदद मिल सकती है, जिससे आपको खुशी होगी। आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई समस्या चली आ रही है, तो वह भी दूर होगी। आपके मन में किसी काम को लेकर कोई उलझन है, तो उसे दूर करने की कोशिश करें। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय में समय व्यतीत करेंगे, लेकिन आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

धनु आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको कोई जोखिम लेने से बचना होगा। आप किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। अपने बॉस से आप किसी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल हो सकती है।

मकर आज आपको पारिवारिक जीवन में सफलता मिलेगी। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा फोकस बनाएंगे, तभी उन्हें किसी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा, जो विद्यार्थी विदेश जाने की योजना बना रहे थे, तो उन्हें अच्छी सफलता हासिल होगी।

कुंभ आज आप अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करें, तो बेहतर रहेगा। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें। आप संतान की करियर से निर्णय ले सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई नया विवाद खड़ा हो सकता है। आज आप मित्रों के साथ आनंद में समय व्यतीत करेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह के बाद पक्की हो सकती है।

मीन आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन भी आनंदमय रहेगा और आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी मिलने से काफी खुश होंगे। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलती दिख रही है। आपकी किसी नये काम के प्रति रुचि जागृत  होगी। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे और धन को लेकर कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। भाई व बहनों के साथ से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

# संविधान: लोकतंत्र की आत्मा और सुशासन का आधार

ललित गर्ग



संविधान किसी भी राष्ट्र का चरित्र, मर्यादा और दिशा निर्धारित करता है। यह केवल विधिक दस्तावेज नहीं होता, बल्कि एक जीवंत मूल्य-व्यवस्था होती है जो राष्ट्र की आत्मा को परिभाषित करती है। संविधान दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र की स्थिरता, एकता और प्रगति का आधार हमारे संविधान की दूरदर्शिता, उदारता और संतुलन है। इसलिए किसी भी राष्ट्र में सुशासन की पहली और अनिवार्य शर्त यही है कि संविधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे, केवल शासन के लिए ही नहीं, बल्कि नागरिक जीवन के हर व्यवहार, आचरण और विचार में भी। भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 से भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में हर वर्ष मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया और 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया। भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता, सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया। भारत का संविधान दुनिया के सबसे विस्तृत एवं आधुनिक संविधानों में माना जाता है। यह हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों की भावना भी जगाता है। यह हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता से सज्जित करता है, साथ ही यह भी बताता है कि इन आदर्शों को जीवित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब किसी राष्ट्र में संविधान की अवहेलना शुरू होती है, तब लोकतंत्र डगमगाने लगता है। इसलिए संविधान का सम्मान करना एक विधिक प्रक्रिया का पालन मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र की बुनियाद है। आज संविधान दिवस पर यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि संविधान की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही दृढ़ता से बनी हुई है या नहीं? उत्तर स्पष्ट है-हाँ, क्योंकि हमारा समाज परिवर्तनशील है, चुनौतियाँ बदलती हैं, लेकिन न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल आदर्श समय से परे हैं। संविधान की उपयोगिता तभी सिद्ध होती है जब शासनकर्ता उसे सर्वोपरि मानें और नागरिक उसे जीवन का नैतिक मार्गदर्शक बनाएं। इसी संदर्भ में यह भी विचारणीय है कि संविधान को केवल हाथ में लेकर जगह-जगह प्रदर्शन करना, जैसाकि कुछ राजनीतिक नेता, विशेषकर राहुल गांधी, करते हैं, क्या सचमुच संविधान के सम्मान का प्रतीक है? संविधान की प्रति का सार्वजनिक प्रदर्शन तब सार्थक होता है जब उसके मूल्यों को जीवन में उतारा जाए, उसके अनुच्छेदों का पालन किया जाए, उसके प्रति संयम, गरिमा और श्रद्धा रखी जाए। संविधान को राजनीतिक हथियार बनाकर भीड़ भावनाओं को उकसाने का प्रयास, संविधान की आत्मा के विरुद्ध है। संविधान को मंचों पर लहराना सम्मान नहीं, बल्कि उसकी गंभीरता का अवमूल्यन है। संविधान कोई राजनीतिक पोस्टर या प्रदर्शन की वस्तु नहीं, वह राष्ट्र की मर्यादा का दस्तावेज है, जिसे विवेक,



संयम और ईमानदारी से समझने एवं पालन करने की आवश्यकता होती है।

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का दृष्टिकोण भी यही रहा कि संविधान तभी सफल होगा जब उसके अनुयायी चरित्रवान, प्रतिबद्ध और राष्ट्रहित साधक हों। बाबा साहेब ने कहा था-''संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले अच्छे नहीं होंगे तो वह खराब सिद्ध होगा।'' उनका यह चिंतन आज सबसे अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने संविधान को बनाया, पर उससे भी अधिक उन्होंने एक नैतिक चेतना जागृत की कि संविधान की शक्ति उसके लेखों में नहीं, बल्कि उस नागरिक चेतना में है जो उसे पालन करने के लिए तैयार रहती है। अंबेडकर का यह भी आग्रह था कि संविधान को केवल राजनीतिक बहस का साधन न बनाया जाए, बल्कि समाज सुधार और मनुष्य निर्माण की दिशा में उसका प्रयोग हो। उनके अनुसार संविधान को समझना यानी भारतीय समाज की आत्मा को समझना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए उसे शासन का आधारस्तंभ बनाया है। वे बार-बार कहते रहे हैं कि ''संविधान हमारी शासन-व्यवस्था का पवित्र ग्रंथ है।'' उनकी दृष्टि में संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं बल्कि अच्छे शासन, सामाजिक विश्वास और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। संसद के आरंभिक सत्र हों, प्रमुख राष्ट्रीय अवसर हों या आम जनता से संवाद, हर बार उन्होंने संविधान को सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि ''संविधान का पालन करना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च रूप है।'' उनकी सरकार की प्राथमिकता यही रही है कि प्रत्येक नीति, प्रत्येक निर्णय और प्रत्येक योजना संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो। मोदी के नेतृत्व में कई ऐसे प्रयास हुए जिनका उद्देश्य संविधान के प्रति जन-जागरण बढ़ाना था, जैसे 'संविधान के प्रति कर्तव्य पालन' अभियान, लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करना, पारदर्शी शासन एवं नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा। उन्होंने संविधान दिवस को केवल समारोह न बनाकर राष्ट्रीय आत्मचिंतन का पर्व बनाने का प्रयास किया, जिससे हर नागरिक संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि महसूस करे, समझे और जिए। संविधान का सम्मान केवल शासन की जिम्मेदारी भर नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। यदि नागरिक संविधान को केवल विद्यालयों की पाठ्यपुस्तकों में सीमित मानते रहेंगे, तो यह राष्ट्र अपने लोकतांत्रिक आदर्शों से दूर होता जाएगा। संविधान का वास्तविक सम्मान तब है जब हम अपने दैनिक जीवन में समानता का पालन करें, न्याय को महत्व दें, धर्मनिरपेक्ष दृष्टि रखें, किसी के साथ भेदभाव न करें, हिंसा या अराजकता के बजाय संवाद एवं शांति का मार्ग चुनें। आज जब दुनिया में असहिष्णुता, चरमपंथ और राजनीतिक कटुता बढ़ रही है, तब हमारा संविधान एक शीतल छाया की तरह हमें संरक्षण देता है। यह हमें बताता है कि राष्ट्र केवल सत्ता परिवर्तन का खेल नहीं बल्कि मूल्यों की निरंतरता है। संविधान इन्हीं मूल्यों को स्थिर रखता है।संविधान दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि संविधान का सम्मान केवल राष्ट्रीय पर्वों पर नहीं बल्कि प्रतिदिन के जीवन में होना चाहिए। नागरिकों के मन में संविधान के प्रति आदर की आदत विकसित हो, यह तभी संभव है जब समाज में संवैधानिक शिक्षण को मजबूत किया जाए, देश के नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध कराया जाए और हर स्तर पर संवैधानिक आचरण को प्रोत्साहित किया जाए। आज आवश्यकता है कि संविधान को राजनीतिक विवादों से ऊपर उठाया जाए। उसे नारा, प्रदर्शन और विरोध की वस्तु न बनाया जाए। बल्कि उसे एक ऐसे प्रकाश स्तंभ के रूप में देखा जाए जो हमें न्यायपूर्ण, समतामूलक और शांतिपूर्ण समाज की ओर ले जाता है। यदि हम संविधान का सम्मान करेंगे तो राष्ट्र मजबूत होगा; यदि हम इसकी अवमानना करेंगे तो लोकतंत्र कमजोर होगा। संविधान दिवस केवल इतिहास का स्मरण नहीं है, यह भविष्य की जिम्मेदारी का बोध भी है। इसे मनाते हुए हमें अपनी राष्ट्रीय प्रतिज्ञा दोहरानी चाहिए कि हम संविधान की रक्षा करेंगे, उसके मूल्यों को जीवन में उतारेंगे और अपने देश को ऐसा बनाएंगे जैसा हमारे संविधान ने परिकल्पित किया है, न्यायपूर्ण, समानतामूलक, स्वतंत्र और बंधुत्वपूर्ण। इसी में भारत का भविष्य है, इसी में हमारी लोकतांत्रिक शक्ति का चरम है, और इसी में एक प्रगतिशील राष्ट्र की आत्मा बसती है।

## सू- दोकू क्र.239

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.238 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## शब्द सामर्थ्य - 239

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्यंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदू विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, मात 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घूंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 238 का हल



एक नजर

## बस्तर की सुभद्रा ने राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

**जगदलपुर, 25 नवंबर।** बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गढ़िया की कक्षा 8 वीं की होनहार छात्रा



सुभद्रा कश्यप ने हाल ही में ओडिशा के सुंदरगढ़ में आयोजित चौथे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्पोर्टस मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शतरंज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गढ़िया लोहण्डीगुड़ा की इस प्रतिभाशाली बालिका ने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उसकी निर्णायक चालों और एकाग्रता ने उसे पोडियम के शीर्ष पर पहुंचाया।संस्था प्रमुख ऊषा शुक्ला ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा सुभद्रा ने न केवल अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि उसने यह भी साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। उसकी यह जीत क्षेत्र की अन्य बालिकाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। सुभद्रा कश्यप की यह सफलता बस्तर के ग्रामीण और आदिवासी बहुल क्षेत्र की अन्य युवा प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणा का नया स्त्रोत बन गई है। एक छोटे से क्षेत्र की बालिका का राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना यह दर्शाता है कि सही अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर ये बच्चे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ राज्य और पूरे बस्तर संभाग के लिए गौरव का विषय है।

## चित्रकोट के नेचर ट्रेल में सुरक्षा व्यवस्था नहीं इसलिए जाना नहीं चाहते सैलानी



**जगदलपुर,25 नवंबर।** भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत बस्तर में भी ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट तैयार कर चित्रकोट में लगभग 80 लाख रुपए की लागत से नेचर ट्रेल तैयार किया गया है, किंतु 2 किलोमीटर लंबे इस नेचर ट्रेल में सुरक्षा और सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण सैलानी नेचर ट्रेल में जाने से घबराते हैं। रख-रखाव के लिए शासन द्वारा राशि उपलब्ध नहीं कराए जाने से नेचर ट्रेल काफी बदतर स्थिति में पहुंच गया है।

## सीजी पीएससी में चयनित जिले के युवाओं का कलेक्टर ने किया सम्मान

**कांकेर, 25 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा- 2024 की अंतिम चयन सूची जारी की गई है, जिसमें जिले के सात अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिले के कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर तथा सेंट्रल लाइब्रेरी कांकेर में सफलता प्राप्त करने वाले जिले की प्रतिभाओं का सम्मान आज किया गया। जिले से कुल सात अभ्यर्थियों का चयन सीजीपीएससी में हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकेर जिले से श्री कमल कुमार ठाकुर का चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है। इसके पहले वे पटवारी के पद पर जिले में ही पदस्थ थे। इसी तरह आशीष कुमार जुर्री और ग्राम सिदेसर की रीना कोमरा, नरहरपुर विकासखंड के श्री रिखीराम नेताम का चयन आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है। इसके अलावा श्रवण कुमार मेरिया जैसाकर्रा चारामा का चयन वाणिज्यिक कर निरीक्षक के पद पर हुआ है।सम्मान समारोह के उद्बोधन कलेक्टर ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मावा मोदोल संस्थान के विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और आगामी परीक्षा हेतु कारगर रणनीति अपनाते हुए मेहनत, लगन और विषयवार अध्ययन करने की सलाह दी।

## कमिश्नर ने मालगांव में धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

**जगदलपुर, 25 नवम्बर।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने सोमवार को बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड अंतर्गत मालगांव में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर धान की तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा की व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता, डनेज की व्यवस्था, किसानों के लिए पेयजल की व्यवस्था इत्यादि के बारे में जानकारी ली और किसानों के धान खरीदी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मालगांव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का भी जायजा लिया और उक्त कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने कहा। कमिश्नर ने मालगांव धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी के उपरांत सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त स्थल की उपलब्धता हेतु लेम्प्स के समीप खाली जगह को समतलीकरण सहित साफ-सफाई करने और डनेज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान किसानों से भी रूबरू होकर धान विक्रय करने के बारे में चर्चा की। इस दौरान अवगत कराया गया कि धान खरीदी केन्द्र में 617 किसान पंजीकृत हैं और वर्तमान में 25 हजार नए बारदाने एवं दो हजार पुराने बारदाने उपलब्ध है। कमिश्नर ने मतदान केंद्र क्रमांक एक मालगांव तथा मतदान केंद्र क्रमांक दो मालगांव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली और इसे नियत समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर बताया गया कि मतदान केंद्र मालगांव एक में 60 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, वहीं मतदान केंद्र मालगांव दो में 58 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन और डिजिटाइजेशन पूर्ण हो गया है। कमिश्नर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों का स्थानीय स्तर पर दस्तावेज की उपलब्धता, मतदाताओं को आवश्यक मार्गदर्शन देने सहित मुनादी इत्यादि के लिए सहयोग लेने कहा।

# बस्तर जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों को 9 करोड़ 41 लाख 73 हजार का शत-प्रतिशत हुआ भुगतान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 25 नवंबर।** बस्तर जिले में इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके संग्रहण का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। जिले के 34,033 परिवारों को तेंदूपत्ता संग्रहण के बदले कुल 9 करोड़ 41 लाख 73 हजार रूपए की राशि ऑनलाइन माध्यम से क गई। 100 प्रतिशत डिजिटल भुगतान से न केवल व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि संग्राहकों का वन विभाग पर विश्वास भी मजबूत हुआ है।



मिली जानकारी के अनुसार जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए 15 समितियां कार्यरत है इनमें सबसे अधिक मारडूम की समिति ने तेंदूपत्ता संग्रहण किया वहीं छिंदगांव की समिति ने सबसे कम संग्रहण कर पाया। कम संग्रहण के कारण संग्राहकों की कुल आय में करीब ढाई करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई है। बस्तर जिले की सभी 15 समितियों में सबसे अधिक भुगतान मारडूम समिति को किया गया, जहाँ सबसे अधिक 1609 बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ। यहां के संग्राहकों को कुल 88,48,922 रूपए वितरित हुए। वहीं सबसे कम भुगतान छिंदगांव समिति को हुआ, जहाँ मात्र 463 बोरा संग्रहण के बदले 25,47,446 रूपए का भुगतान किया गया।

सहायक वन संरक्षक गुलशन साहू ने बताया कि इस बार जिले को 21,800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य मिला था, लेकिन प्रतिकूल मौसम के चलते लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया और केवल 17,122 मानक बोरा का ही संग्रहण हो सका। लक्ष्य पूरा हो जाने पर जिले में संग्राहकों को लगभग 11 करोड़ 99 लाख रूपए मिलते। लक्ष्य से कम संग्रहण होने के कारण लगभग 2 करोड़ 58 लाख रूपए की आय संग्राहकों को नहीं मिल पाई। बस्तर जिले के उप वनमंडलाधिकारी देवलाल दुग्गा ने बताया कि इस वर्ष 2025 में मौसम की अनिश्चितता के असर से तेंदूपत्ता की पैदावार प्रभावित हुई, जिसके चलते संग्रहण लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। इसके बावजूद सभी संग्राहकों को समय पर और पूरी राशि का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया जा चुका है।

# 15 केंद्रों में धान खरीदी की नहीं हुई बोहनी

■ **किसानों ने अव्यवस्था पर उठाए सवाल, गिरोला केन्द्र के किसानों को परेशानी**

**कोंडागांव,25 नवंबर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी दस दिन बाद भी पटरी पर नहीं आ सकी है। जिले में लगभग 51700 किसान पंजीकृत हैं और उनके लिए 67 धान खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। बावजूद आज तक 67 में से केवल 52 केंद्रों में ही खरीदी हो पाई है, जबकि 15 केंद्रों में बोहनी तक नहीं हुई है।

गिरोला धान खरीदी केंद्र में मौजूद किसान आतुसाराम दीवान, पिट्ठूराम सोरी और फागूराम दीवान ने बताया कि केंद्र में दिए जा रहे बारदाना लूज और फटे हैं, जिससे धान भराई में परेशानी बढ़ रही है। किसानों ने बताया कि टोकन कटवाने सप्ताहभर से भटकना पड़ रहा है। केंद्र में हमाल की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण खरीदी कार्य बेहद धीमा चल रहा है। किसान एग्रीटेक संबंधी समस्या का भी सामना कर रहे हैं, जिससे कई किसानों का रकबा कम दर्ज हो रहा है।गिरोला केंद्र में पंजीकृत महिला किसान धन्नो मंडावी ने कहा कि हमाल की व्यवस्था न होने से उसे अपने बेटे का स्कूल बंद करवाकर केंद्र लाना पड़ा, जहां वे स्वयं बोरा सिलाई और धान ढुलाई कर रही हैं। जिला खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि धान खरीदी जारी है और जहां भी समस्या आ रही है, उसका तत्काल समाधान किया जा रहा है।

# नवोदय विद्यालय में लोकतंत्र की पाठशाला नामक ग्राम सभा का आयोजन किया गया

**जगदलपुर,25 नवंबर।** नवोदय विद्यालय में लोकतंत्र की पाठशाला नामक ग्राम सभा का आयोजन भारत सरकार के निर्देशों पर आयोजित किया गया जिसमें स्कूल के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के द्वारा उक्त कार्यक्रम का मंचन किया गया, जिसमें गांव की मूलभूत समस्याओं का जनता के द्वारा संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाते हुए जनप्रतिनिधि के माध्यम से रखा गया, जिसमें समस्याओं के तत्काल निराकरण के उपायों पर चर्चा की गई और शासन के विभिन्न प्रकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया जाकर उसकी क्रियान्वयन की प्रक्रिया को समझाया गया।छात्रों द्वारा ग्राम सभा के आयोजन का मंचन किया गया, जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधीगण शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल के बच्चे प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता मंत्र मुग्ध हुए और उक्त कार्यक्रम का उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा की मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंह राव पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद पूनम सिन्हा ने अपने विचार रखे नरेंद्र पांडे रितेश सिंह सहित चपका की पंच उपस्थिति रही इस अवसर पर नवोदय स्कूल की प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत स्कूल के बच्चों के साथ सभी ने भोजन ग्रहण किया।

# फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी का गठन

**जगदलपुर, 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बस्तर के हुए चुनाव में सर्वसम्मति से फेडरेशन का बस्तर जिला संयोजक मुखर व दबंग कर्मचारी नेता गजेंद्र श्रीवास्तव को चुना गया।

नए जिला संयोजक गजेंद्र श्रीवास्तव ने बस्तर जिला में कर्मचारी संगठन की मजबूती तथा कर्मचारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह के भीतर ही फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए इसमें सभी कर्मचारी संगठनों को सम्मिलित किया है।नवगठित बस्तर जिला कार्यकारणी के अनुसार फेडरेशन का सहसंयोजक श्री देवराज खूंटे । उपाध्यक्ष पद परट्ठ श्री अजय श्रीवास्तव, श्रीमती कृष्णा बघेल, रज्जी वर्गीस ,चंद्र प्रकाश देवांगन, देवदास कश्यप। सचिव पद पर श्री नारायण सिंह मौर्य। कोषाध्यक्ष पद पर श्री आनंद कश्यप। संयुक्त सचिव के पद परट्ठ श्री मोतीलाल वर्मा, गिरीश कश्यप, जागेश्वर प्रसाद सिन्हा ,दामोदर सेठिया, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी। संगठन सचिव के पद परट्ठ श्री मनोज कुमार, राकेश दुबे, श्रीमती पदमा नायडू ,शैलेंद्र तिवारी, उमेश मेश्राम। सह सचिव के पद परट्ठ प्रजीत कुमार, एम एस भारद्वाज, अंशु माली वर्मा, पंकज सेठिया, अविन मंडावी। सदस्यट्ठ कमलू बघेल, राजकुमार झा, अनिल यादव, मुन्ना नायक, राम मरकाम, उदय किशोर पांडेय ,राकेश तिवारी, राजकुमार सिंह, पल्लव झा, डॉ तुलादास मानिकपुरी, श्रीमती रीना शुक्ला आदि को जिम्मेदारी दी गई तथा विश्वास व्यक्त किया कि बस्तर जिला के सभी कर्मचारी अधिकारी संगठन मिलकर फेडरेशन को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए कर्मचारी समस्याओं का निराकरण करने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे।

## शासकीय आईटीआई जगदलपुर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए जीवन कौशल कार्यक्रम का सफल आयोजन

**जगदलपुर, 25 नवम्बर ।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जगदलपुर में आज जिला मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक अत्यंत महत्वपूर्ण जीवन कौशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# लोकतंत्र को जानने के लिए स्कूल में बच्चों ने किया ग्राम सभा का मंचन





**दंतेवाड़ा 25 नवंबर।** ग्राम पंचायतों के जरिए जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को जानने-समझने के लिए पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में अनूठा आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के मंच पर आदर्श ग्राम सभा का मंचन बच्चों ने किया। लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी पंचायती राज व्यवस्था को समझने के लिए भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को ग्राम पंचायतों के क्रियाकलाप से अवगत कराया गया। ग्राम विकास के प्रस्ताव कैसे पारित किए जाते हैं, प्रस्ताव पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत, कोरम पूर्ति, पंचायत के आय-व्यय जैसी अवधारणाओं को बच्चों ने व्यवहारिक तौर पर समझा। सरपंच की भूमिका राजकुमार नेताम ने, पंचायत सचिव की भूमिका अंशिका ठाकुर ने नई निभाई। वार्ड मेंबर की भूमिका में सिद्धार्थ यादव,पारुल मानिकपुरी, लोमेश, जानू, ग्रामीण की भूमिका में लेखा ठाकुर व अन्य छात्र-छात्रायें नजर आए। विद्यालय के शिक्षक गुरुदेव सिंह व आकाश कुमार के निर्देशन में बच्चों ने ग्राम सभा का सफलतापूर्वक मंचन किया। विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि बच्चों को शुरुआती जीवन से ही लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। पूर्व में युवा संसद का आयोजन कर संसदीय परंपरा से बच्चों को अवगत कराया गया था।

### ये प्रस्ताव रखे गए

ग्राम सभा में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, रोजगार सहायक, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, हेड मास्टर की भूमिका भी बच्चों ने निभाई। आदर्श ग्राम सभा में वृद्धावस्था पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेल्फ डिफेंस, स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व सभी छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों के लिए बनेगा एडवेंचर पार्क

**जगदलपुर, 25 नवंबर ।** बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पहले से ही बम्बू राफ्टिंग, कायकिंक और ट्रैकिंग जैसी कई साहसिक गतिविधियां उपलब्ध हैं। ऐसी गतिविधियां उद्यान के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने वाले पर्यटकों को रोमांचक अनुभव प्रदान कर रही हैं। इसी उद्यान में शीघ्र ही पर्यटकों के लिए एडवेंचर पार्क भी बनेगा, जिसकी तैयारी की जा रही है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि पर्यटकों के लिए उद्यान में एडवेंचर पार्क बनाने की तैयारी की जा रही है। इससे उद्यान में पर्यटकों को और अधिक आकर्षित करेगा। विदित हो कि छत्तीसगढ़ के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को की विश्व धरोहर की अस्थायी सूची में प्राकृतिक श्रेणी के अंतर्गत शामिल किया गया है।

बस्तर की कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान अपनी प्राकृतिक सुंदरता चलते विश्व के विख्यात है। वर्ष 1982 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला। नेशनल पार्क का एरिया 200 वर्ग किलोमीटर है, नेशनल पार्क के आस-पास घने जंगल भी है। उद्यान की सुंदरता को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। इस पार्क में कई बड़े जलप्रपात हैं, बड़ी-बड़ी और लंबी-लंबी सुंदर गुफाएं हैं, नदी नालों की प्राकृतिक सुंदरता से लबरेज जंगली जानवरों की भी यहां बड़ी संख्या में मौजूदगी है। उद्यान अपनी जैव विविधता, घने जंगलों और अद्भुत गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है। उद्यान का नाम यहां बहने वाली कांगेर नदी से लिया गया है।

राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में साल, सागौन और बांस के वृक्षों से आच्छादित है। यहां 555 से अधिक शाकाहारी प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 45 दुर्लभ हैं। जैवविविधता से भरपूर यह उद्यान में विभिन्न वनस्पति, वन्यजीव और विशेष प्रजाति के प्रजातीय पाए जाते है, 963 प्रकार की वनस्पतियां, जिनमें 120 फ़ैमिली और 574 प्रजातियां शामिल हैं। यहां दुर्लभ ऑर्किड की 30 प्रजातियां दर्ज की गई हैं। 49 स्तनपायी, 210 पक्षी, 37 सरीसृप, 16 उभयचर, 57 मछलियां और 141 तितली प्रजातियां है । बस्तर हिल मैना (छत्तीसगढ़ का राज्य पक्षी), ट्रैवणकोर वुल्फ स्नेक, ग्रीन पिट वाइपर, मोंटेन ट्रिंकेट स्नेक जैसी दुर्लभ प्रजातियां है । पर्यटन के लिहाज से भी कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बेहद महत्वपूर्ण है। यहां की कुटुम्बसर, कैलाश और डंडक - गुफाएं भूवैज्ञानिक संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध हैं, जबकि तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर धारा और भैंसा दरहा जैसे स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यह क्षेत्र न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है बल्कि संरक्षण और अनुसंधान के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए उद्यान में एडवेंचर पार्क बनने पर इससे राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों को और अधिक आकर्षित करेगा।

# नक्सल प्रोपेगेंडा फैलाने वालों पर निगरानी रखी जा रही, समर्थकों पर होगी कठोर कार्रवाई : सुंदरराज पी.

**जगदलपुर, 25 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ में कुख्यात नक्सली माड़वी हिड़मा के मारे जाने के बाद उसका महिमामंडित करने का मामला अब सोशल मीडिया से निकलकर देश की राजधानी तक पहुंच गया है। इस घटना के सामने आने के बाद बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने सख्त प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे से बाहर जाकर नक्सल विचारधारा का समर्थन करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।





उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि चाहे कोई अर्बन नक्सली हो या सोशल मीडिया के जरिए नक्सल प्रोपेगेंडा फैलाने वाला, सभी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बस्तर आईजी ने कहा कि शहरों में इस तरह की गतिविधियां सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती है।उल्लेखनिय है कि दिल्ली में कुख्यात नक्सली माडवी हिड़मा के समर्थन में नारे लगाने के आरोप में 23 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पॉल्यूशन प्रोटेस्ट के दौरान हंगामा मामले में 2 थानों में इसकी एफआईआर दर्ज की गई है. आरोपियों पर बीएनएस की धारा 223ᤁ, 132,221, 121ᤁ, 126 (2), 3 (5) के तहत दर्ज की गई है. सभी को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश कर न्यायालय के माध्यम से कार्यवाही की गई है। बता दें कि दुर्दांत नक्सली माड़वी हिडमा की हाल ही में आंध्रप्रदेश में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था।

## पालना केंद्र में कार्यकर्ता और सहायिका पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**जगदलपुर, 25 नवम्बर ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तोकापाल के अंतर्गत नवीन स्वीकृत पालना केंद्र डिमरापाल में पालना केंद्र कार्यकर्ता और पालना केंद्र सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। पहले 8 सितंबर 2025 से 23 सितंबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, किंतु ग्राम पंचायत स्तर से पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण परियोजना अधिकारी ने आवेदन की तिथि को संशोधित करते हुए यह मौका पुनः दिया है। इच्छुक एवं योग्य महिलाएं अब 05 दिसंबर 2025 तक सीधे कार्यालय में अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से अपने आवेदन जमा कर सकती हैं।

# 48 लाख के इनामी 15 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**सुकमा, 25 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति'' तथा ''नियद नेल्ला नार'' योजना एवं लगातार कैम्प स्थापित होने से सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव के फलस्वरूप नक्सली संगठन में सक्रिय 48 लाख ईनामी 5 महिला नक्सली सहित 15 नक्सलियों ने आज सोमवार को सुकमा एसपी किरण चव्हाण, सीआरपीएफ कमाण्डेन्ट 2 री वाहिनी कमलेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश् सिंह पायल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री मोनिका श्याम, एवं 223 वाहिनी सीआरपीएफ के निरीक्षक सुजीत कुमार, के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। उपरोक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के नवीन पुनर्वास नीति ''छत्तीसगढ़ नक्सलवादीआत्मसमर्पण पुनर्वास नीति -2025'' के तहत प्रत्येक को 50-50 हजार रूपये के मान से प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाए प्रदाय किया जावेगा।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सलियों में 4 माओवादी पर 8-8 लाख, 2 माओवादी पर 5-5 लाख, 1 माओवादी पर 3, 1 माओवादी पर 2 लाख एवं 1 माओवादी पर 1 लाख कुल 48 लाख रूपये के इनाम घोषित है, जिसमें 1. माड़वी सन्ना पिता पोदिया निवासी दोरामंगू थाना किस्टाराम जिला सुकमा। पी पीएलजीए बटालियन कम्पनी नं. 1 प्लाटून नं. 2 सेक्शन ''बी'' का पार्टी सदस्य/प्रशिक्षण टीम डिप्टी कमाण्डर/पीपीसीएम (ईनाम 8 लाख), 2. सोड़ी हिड़मे पति सन्ना निवासी कोमटपल्ली मुयापारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पीएलजीए बटालियन कम्पनी नं. 2 प्लाटून नं. 3 सेक्सन ''बी'' का पार्टी सदस्या (ईनाम 8 लाख), 3. सूर्यम उर्फ रव्वा सोमा पिता स्व.बण्डी निवासी गंधारपारा बड़ेसट्टी थाना फुलबगड़ी जिला सुकमा। सीआरसी प्लाटून नम्बर 1 का कमाण्डर/पीपीसीएम (ईनाम 8 लाख), 4. मीना उर्फ माड़वी भीमे पति रव्वा सोमा उर्फ सूर्यम पिता स्व. नंदा निवासी तोकलनपल्ली थाना चिंतागुफा जिला सुकमा। सीआरसी प्लाटूननम्बर 1 की डिप्टी कमाण्डर/पीपीसीएम(ईनाम 8 लाख), 5. सुनिता उर्फ कुहराम हुंगी पिता सुक्की निवासी रेवाली पटेलपारा थाना अरनपुर जिला सुकमा। प्लाटून नम्बर 26 की डिप्टी कमाण्डर, एसीएम (ईनाम 5 लाख), 6. मड़कम पाण्डू पिता स्व. बुधरा निवासी कैयर दुलेड़ थाना चिंतागुफा जिला सुकमा। पामेड़ एरिया कमेटी कमाण्ड इनचीफ/मिलिशिया कमाण्ड इनचीफ, एसीएम (ईनाम 5 लाख), 7. कुंजाम सिंगा पिता स्व. पोदिया निवासी बुर्कलंका थाना किस्टाराम जिला सुकमा। गोलापल्ली एलओएस डिप्टी कमाण्डर (ईनाम 3 लाख), 8. माड़वी सोमड़ी पिता बुधरा निवासी कन्हाईपाड़ थाना गोलापल्ली जिला सुकमा। गोमपाड़ आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष (ईनाम 2 लाख), 9. चिलका उर्फ माड़वी पोज्जे पिता स्व. जोगा निवासी तिम्मापुरम राऊतपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा। पूर्व किस्टाराम एरिया कमेटी जनताना सरकार अध्यक्ष, डीव्हीसीएम सोनी उर्फ गंगक्का की गार्ड पार्टी सदस्या (ईनाम 1 लाख), 10. नुप्पो बुधरा पिता उर्फ भीमा उम्र निवासी नागाराम दोड़बुण्डापारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा। नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य, 11. नुप्पो भीमा पिता हुंगा निवासी पेद्दाबोड़केल थाना चिंतलनार जिला सुकमा। पेद्दाबोड़केल आरपीसी सरकार सदस्य, 12. मड़कम सुक्का पिता स्व. गंगा निवासी तोंगगुड़ा थाना चिंतलनार जिला सुकमा। नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य, 13. पोड़ियाम जोगा पिता स्व. देवा निवासी तोंगगुड़ा थाना चिंतलनार जिला सुकमा। नागाराम आरपीसी मिलिशिया सदस्य, 14. पोड़ियाम लखमा पिता स्व. भीमा निवासी कामाराम थाना किस्टाराम सिंघनमड़गू आरपीसी मिलिशिया सदस्य, 15. कोवासी हिड़मा पिता देवा निवासी कामावरम थाना किस्टराम जिला सुकमा। सिंघनमड़गू आरपीसी आथिर्क कमेटी अध्यक्ष ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

## अधिकारी ने कासोली, मुंडेर, गीदम और गुमड़ा क्षेत्रों में डिजिटाइजेशन का किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 25 नवंबर ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दंतेवाड़ा द्वारा आज कासोली, मुंडेर, गीदम और गुमड़ा क्षेत्रों का दौरा कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना पत्रक के कलेक्शन और डिजिटाइजेशन कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से गृह-गणना से संबंधित प्रपत्रों की शत-प्रतिशत संग्रहित जानकारी, डेटा की शुद्धता और समय सीमा में डिजिटाइज्ड एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गणना पत्रकों का सही व सटीक डिजिटाइजेशन आगामी निर्वाचन कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक बीएलओ समय पर कार्य पूर्ण करें। उन्होंने क्षेत्रवार प्रगति की समीक्षा करते हुए जहां भी कार्य धीमा पाया गया, वहां गति लाने और नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और मानकों को सुनिश्चित करने के लिए

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने रायगढ़ जिले के 10 प्रतिष्ठानों से लिए 25 सैंपल

**रायगढ़, 25 नवम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के सख्त निर्देश पर जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और मानकों को सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के बाद बढ़ी मिलावट की आशंका और उपभोक्ता सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के प्रमुख बाजारों, दुकानों, होटल-रेस्टोरेंट तथा नाश्ता केंद्रों में व्यापक निरीक्षण किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान रायगढ़ जिले के कुल 10 प्रतिष्ठानों की जांच कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 25 नमूने संकलित किए गए।

खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा क्रमवार उन प्रतिष्ठानों में की गई कार्यवाही के दौरान अवधारण, स्वच्छता, कच्चे माल की गुणवत्ता और पैकड खाद्य पदार्थों के मानकों का अवलोकन किया गया। जांच के दौरान कई दुकानों और रेस्टोरेंट में ऐसे



उत्पाद पाए गए, जिनकी गुणवत्ता संदेहास्पद लगी है, जिन्हें नियमानुसार सील कर नमूना परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

विभाग द्वारा जिन दस प्रतिष्ठानों में कार्रवाई की गई, उनमें अतुल प्रोव्हिजन स्टोर पड़िगांव पुसौर, गुड्डू कैंटीन बीएस स्पंज आयरन तराईमाल, वारिस कैंटीन मेडिकल कालेज रोड रायगढ़, आरव टेड्डर्स कोड़ातराई पुसौर, आमंत्रण रेस्टोरेंट सिग्नल चौक, शर्मा मार्केटिंग पुराना हटरी, रायगढ़, आयुष ट्रेडिंग मोदी प्लाजा, रायगढ़, शर्मा ट्रेडिंग पुराना हटरी, रायगढ़, साहिल टेड्डिंग पुराना हटरी शामिल हैं।

इन प्रतिष्ठानों से टीम ने अलग-अलग खाद्य उत्पाद जैसे लाल मिर्च पाउडर, चना सत्तु, इडली मिक्स, वेज मंचूरियन मिक्स, मसाले, नमकीन, बेकरी प्रोडक्ट, तेल, मिश्रित दालें, फास्ट फूड सामग्री आदि के नमूने संकलित किए। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई के अभाव तथा खाद्य पदार्थों के अवैज्ञानिक भंडारण की स्थिति पर तत्काल सुधार निर्देश भी दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता पटेल ने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी भी खाद्य उत्पाद में मिलावट, अमानक गुणवत्ता या नियम उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा नियम 2011 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर प्रकरण न्यायालय में भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने समय सीमा की बैठक में विभाग के कामकाज की समीक्षा की। बैठक के दौरान जिले में मिलावटी एवं घटिया किस्म के खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए और ऐसे प्रतिष्ठानों पर बगैर किसी रियायत की कार्रवाई की जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए ऐसे निरीक्षण अभियान लगातार जारी रखने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पूर्व परीक्षा परिणामों तथा शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा

**महासमुंद 25 नवंबर ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार आज सेजेस सभागार में जिले के समस्त प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, पूर्व परीक्षा परिणामों का विश्लेषण तथा विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा रहा। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ श्री हेमन्त नंदनवार ने की। उन्होंने उत्कृष्ट एवं कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों से वन-टू-वन चर्चा कर परीक्षा परिणाम सुधार हेतु आवश्यक रणनीतियाँ साझा कीं।

उन्होंने उत्तर लेखन अभ्यास को नियमित कराने, रेमीडियल कक्षाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों में अनुकूल शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने पर विशेष बल दिया।बैठक में जिला मिशन समन्वयक श्री रेखराज शर्मा ने विद्यालयवार अपार आईडी निर्माण, जाति प्रमाण पत्र बनाने तथा यू-डाइस प्रोग्रेशन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी प्राचार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी संबंधित अपार आईडी को जनरेट करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि शासन की अन्य योजनाओं का लाभ निर्विघ्न रूप से विद्यार्थियों तक पहुँच सके।

### किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में सरकार का बड़ा कदम

**महासमुंद 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी किसान वृक्ष मित्र योजना कृषकों और अन्य हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना का उद्देश्य निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना तथा हितग्राहियों को उनके उत्पाद का बाय-बैक (ब्ह्व4ड्ढड्ढष्द्ध) सहयोग उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित हो सके।वनमंडलाधिकारी श्री मयंक पांडेय ने बताया कि योजना के तहत भूमि स्वामी, शासकीय/अर्ध-शासकीय संस्थाएँ, निजी शिक्षण संस्थान, एनजीओ, पंचायतें तथा भूमि अनुबंध धारक लाभ लेने के पात्र हैं। हितग्राहियों का चयन वन विभाग के क्षेत्रीय अमले एवं प्रेरकों द्वारा किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 5 एकड़ तक की भूमि पर अधिकतम 5000 पौधों के रोपण हेतु 100त्न अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसी तरह 5 एकड़ से अधिक भूमि पर प्रति एकड़ अधिकतम 1000 पौधों पर 50त्न अनुदान, निजी संस्थानों, ट्रस्ट, पंचायतों एवं लीजधारकों के लिए वन विभाग द्वारा 50त्न अंशदान का प्रावधान है। रोपण का संपूर्ण कार्य हितग्राही द्वारा किया जाएगा, जबकि तकनीकी मार्गदर्शन, सहयोग और समन्वय वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।रोपण के लिए उपलब्ध प्रजातियों में मिलिया डुबिया (मालाबार नीम), टिश्यू कल्चर बांस, टिश्यू कल्चर सागौन, क्लोनल नीलगिरी, चंदन सहित अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी प्रजातियों का रोपण कराया जा रहा है।

वनमंडलाधिकारी ने बताया कि प्रजातियों के आधार पर निश्चित अवधि उपरांत प्रति एकड़ प्रति वर्ष लगभग 15 हजार से 5 लाख रुपये तक सकल लाभ प्राप्त किया जा सकता है, जो किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इच्छुक हितग्राही अपने नजदीकी वन परिक्षेत्र कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

# धान उपार्जन केंद्रों में मिल रही उत्कृष्ट सुविधाएं, किसानों में उत्साह का माहौल

**रायगढ़, 25 नवम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जिले में सुचारू एवं पारदर्शी रूप से जारी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप, वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी के विशेष प्रयासों तथा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। केंद्रों में पेयजल, छाया, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, सीसीटीवी एवं सुरक्षा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के कारण किसानों में उत्साह का माहौल है और प्रतिदिन धान विक्रय के लिए किसानों की



संख्या निरंतर बढ़ रही है।उपार्जन केंद्र बायंग में धान विक्रय करने पहुंचे ग्राम के किसान श्री जय चौधरी ने बताया कि उन्होंने 12 से 13 एकड़ भूमि में धान की खेती की है और इस वर्ष 200 से 225 क्विंटल उत्पादन की संभावना है। उन्होंने कहा कि धान विक्रय के लिए टोकन प्रक्रिया से लेकर तौल तक पूरा कार्य व्यवस्थित एवं सुगम रहा और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। किसान श्री चौधरी ने कहा कि उपार्जन केंद्र में पेयजल, छाया सहित सभी सुविधाएं उत्कृष्ट हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन की सुविधा उपलब्ध है। शासन-प्रशासन द्वारा प्रदत्त व्यवस्थाओं से हम किसान पूरी तरह संतुष्ट हैं। धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सरल होने से किसानों में उत्साह एवं भरोसा दोनों बढ़ा है। उन्होंने धान उपार्जन केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता:कलेक्टर

**रायगढ़, 25 नवम्बर।** रायगढ़ जिले में मातृ मृत्यु अनुपात में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने मातृ-मृत्यु अंकेक्षण की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य अमले से कहा कि मातृ-मृत्यु रोकथाम जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसलिए प्रत्येक जोखिम पहचान, त्वरित उपचार, सतत निगरानी और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत करने के लिए आवश्यक संसाधनों एवं समन्वय को भी बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने समीक्षा बैठक में हाल ही में घटित मातृ मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से जानकारी ली। इस दौरान संबंधित मरीज के परिजन, मितानिन तथा संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों से सीधे संवाद कर वास्तविक परिस्थितियों और कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भावस्था पंजीयन के प्रथम दिन से ही गर्भवती माताओं की चार अनिवार्य जांच समय पर कराई जाए ।

### 214 किसानों को अब तक 12 करोड़ रुपये का भुगतान, किसानों में खुशी की लहर

# जिला प्रशासन की अभिनव पहल-भूअर्जन की राशि अब सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित



**रायगढ़, 25 नवम्बर।** किसानों की सुविधा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन ने भूअर्जन मुआवजा राशि के भुगतान की प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन किया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अब मुआवजे की राशि ऑनलाइन माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में त्ज्ळै के जरिए हस्तांतरित की जा रही है। इस नई व्यवस्था ने किसानों को बार-बार कार्यालय और बैंकों की चक्कर-कस्सी से निजात दिला दी है। पहले भूअर्जन की राशि चेक के माध्यम से भुगतान की जाती थी, जिसके चलते किसानों को चेक जमा करने, क्लियरेंस की प्रतीक्षा और बैंक में बार-बार जाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। किसानों की इन परेशानियों को देखते हुए प्रशासन ने 1 अक्टूबर 2025 से डिजिटल भुगतान व्यवस्था लागू की है।

इस अवधि में अब तक 214 किसानों को लगभग 12 करोड़ रुपये सीधे उनके खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। प्रशासन की इस पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया से किसान बेहद संतुष्ट हैं। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर द्वय श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, श्री रवि राही ने आज मुआवजे की राशि किसानों के खाते में ऑनलाईन राशि अंतरित की। इस अवसर पर एसडीएम श्री महेश शर्मा और बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम श्री शर्मा ने बताया कि इस डिजिटल प्रणाली से किसानों का समय और पैसा दोनों बच रहा है। उन्होंने बताया कि ÷पहले किसानों को चेक मिलने के बाद उन्हें दूर-दराज से बैंक तक जाना पड़ता था। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए यह प्रक्रिया डेढ़ महीने पहले शुरू की गई, जिसके तहत प्रभावित किसानों के प्थ्ब् कोड, बैंक अकाउंट नंबर और अन्य विवरण एकत्रित कर सीधा भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटवारी लगातार गांव-गांव जाकर किसानों के बैंक विवरण संकलित कर रहे हैं ताकि भुगतान प्रक्रिया आसान और तेज बन सके। किसानों ने प्रशासन के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान से उन्हें न केवल परेशानी से मुक्ति मिली है, बल्कि पारदर्शिता और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।

### सियान जतन क्लीनिक योजना से 4 हजार से अधिक बुजुर्ग लाभान्वित

**मोहला, 25 नवंबर ।** राज्य सरकार और आयुष विभाग के निरंतर प्रयासों से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ ग्रामीणों और वरिष्ठ नागरिकों तक पहुँच रहा है। आयुक्त आयुष रायपुर के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के नेतृत्व में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत संचालित आस्टियोअर्थराइटिस कार्यक्रम मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जोड़ो के दर्द से पीड़ित मरीजों को आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयुष चिकित्सक डॉ. श्वेता साहू और डॉ. रश्मि कुंभकार की टीम द्वारा प्रतिमाह निकटवर्ती ग्रामों में चार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही औषधालयों में नियमित ओपीडी सेवाएँ भी संचालित हैं।

# जिला प्रशासन जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : कलेक्टर

**रायगढ़, 25 नवम्बर।** जिला कलेक्टोरेट में साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से आए आम नागरिकों की विभिन्न मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को प्राथमिकता के साथ दर्ज कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर



आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

जनदर्शन में आज पीएम श्री विद्यालय धरमजयगढ़ के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शाला में 1083 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, लेकिन कक्षाओं की कमी के कारण नियमित अध्यापन प्रभावित हो रहा है। साथ ही विद्यालय में किचन शेड न होने से मध्यान्ह भोजन निर्माण और सामग्री भंडारण में भी दिक्कतें आ रही हैं। समिति ने शीघ्र समाधान की मांग की। इसी तरह बैकुंठपुर, रायगढ़ निवासी आशुतोष उपाध्याय ने भूमि अतिक्रमण से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। रामभांठा, संजय नगर रायगढ़ के होरीलाल सारथी ने पट्टा प्रदाय को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि आदेश पारित और उद्घोषित हो जाने के बाद भी उन्हें आज तक पट्टा प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं। ग्राम बरडीह के महकुलपारा के मोहल्लेवासी आंगनबाड़ी में अहाता निर्माण की मांग को लेकर आवेदन सौंपने पहुंचे। मस्जिदपारा धरमजयगढ़ के सुल्तान खान ने विधानसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य में लगे वाहन का किराया भुगतान नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा जनदर्शन में अन्य लोगों ने राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

# पीएससी में इस बार नवकिरण अकादमी से 2 युवा चयनित



**महासमुंद 25 नवंबर ।** पीएएससी-2024 में नवकिरण अकादमी से युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विभिन्न पदों पर चयनित इन होनहारों का मनोबल बढ़ाने और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने उनसे मुलाकात कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने युवाओं को गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट किया और कहा कि यह उपलब्धि न सिर्फ व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। कलेक्टर ने युवाओं के अभिभावकों का भी सम्मान किया।

कलेक्टर ने चयनित अभ्यर्थियों से उनकी तैयारी, संघर्ष और भविष्य की जिम्मेदारियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निरंतर सकारात्मक पहल कर रहा है। इसी कड़ी में नवकिरण कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। इससे अभी तक सैकड़ों युवाओं को लाभ मिला है तथा हजारों विद्यार्थियों को मार्गदर्शन मिल रहा है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन की कोशिश है कि जिले के गांव-गांव से प्रतिभाएं निकलें। राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराएं। पीएससी में इस साल जिले के 4 युवाओं का चयन हुआ है। इनमें नवकिरण अकादमी से साक्षात्कार में शामिल विद्यार्थी प्रमिला माण्डले, ओजस्वी कुमार पटेल इसके अलावा हिमांशु देवांगन एवं प्रशांत भारते साक्षात्कार तक पहुंचे थे। जिसमें प्रमिला माण्डले का राज्य वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर एवं ओजस्वी कुमार पटेल का राज्य सहकारी निरीक्षक के पद पर अंतिम चयन हुआ है। इसके अलावा वर्ष 2025-26 में दो अन्य बड़े प्रतियोगी परीक्षाओं में दो युवाओं को सफलता मिली है। इनमें सिमरन कौर चावला का सी0ए0 चार्टर्ड अकाउंटेंट के पद पर एवं भूपेन्द्र कुमार पटेल का जूनियर इंजीनियर (भारतीय रेलवे, बिलासपुर जोन) के पद पर चयन हुआ है।कलेक्टर ने इन युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह चयन आपकी प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आपको यही तक नहीं रूकना है, बल्कि सिविल सर्विसेस परीक्षा तक भी जाना है। उन्होंने सफलता के मंत्र देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, समसामयिक घटना में नजर और विषय पर पकड़ आपको सफलता तक ले जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं के अभिभावकों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय लहरे, नवकिरण अकादमी के संचालक श्री बसंत साव मौजूद थे।

### एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ कांति बाई तथा वालेंटियर सम्मानित

**महासमुंद 25 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है।

जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये बसना विधानसभा के बीएलओ श्रीमती कांति बाई पारेशर एवं वालेंटियर श्री गोपीनाथ चौधरी को मतदान केंद्र कोटगढ़ में 764 मतदाताओं का शत प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइजेशन पूर्ण किया। उनके इस उल्लेखनीय प्रदर्शन हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री विनय लंगेह द्वारा कलेक्टर कक्ष में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र एवं शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने हेतु तहसील पिथौरा के संपूर्ण टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में और अच्छा कार्य करते हुए एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे प्रेरित होकर शेष बीएलओ भी अपने कार्य का समय सीमा में पूर्ण करें।

# युवा सपने देखें,तभी मिलेगी हौसलों की उड़ान:पद्मश्री आनंद कुमार

**रायगढ़, 25 नवम्बर।** युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और सुनियोजित कैरियर निर्माण के लिए प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी के विशेष पहल पर आज रायगढ़ के रामलीला मैदान में भव्य और प्रेरणादायी कैरियर मार्गदर्शन आयोजन किया गया। इस दौरान सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री श्री आनंद कुमार विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर निर्माण के लिए टिप्स दिए। श्री आनंद कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यहां मेरे आने से आप लोगों को जितनी खुशी हो रही है, उससे ज्यादा खुशी मुझे हो रही है। उन्होंने युवाओं को उनके बेहतर कैरियर के लिए ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास को बनाए रखने के टिप्स भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि युवा जब सपने देखेंगे, तभी उनके हौसलों को उड़ान जरूर मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी और सुपर 30 के संस्थापक पदम्श्री आनंद कुमार ने अपने कैरियर निर्माण के दौरान आए संघर्ष और उतार-चढ़ाव चुनौतियों को भी साझा किया और युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति कठिन परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखता है, उसको सफलता अवश्य मिलती है।

बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए पद्मश्री आनंद कुमार ने प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के जीवन से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण पलों को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री श्री चौधरी जो सपना देखते हैं, उसे मेहनत के बल पर धरातल पर भी उतारते हैं। उन्होंने सपना देखा था आईएएस बनने का और अपने मेहनत के बल पर आईएएस भी बने। उन्होंने बच्चों एवं युवाओं से कहा कि भले ही आज का दिन आपका ना हो, जीवन संघर्ष भरा हो, आपके पास सुख-सुविधाएं न हो लेकिन आप जितनी शांति और उत्सुकता के साथ में बैठे हुए हैं और सुन रहे हैं साथ ही मेहनत कर रहे हैं निश्चित तौर पर आने वाला समय आपका होगा। पद्मश्री आनंद कुमार ने अपने संघर्ष जीवन को भी साझा किया और बताया कि



पिता के देहांत के बाद मैंने पापड़ बेचना शुरू किया। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में चयन होने के बाद भी खराब आर्थिक स्थिति के कारण वे वहाँ नहीं जा सके, पर संघर्ष ने उन्हें और मजबूत बनाया। उन्होंने फिल्म सुपर 30 में एक किरदार अभिषेक राज के बारे में बताते हुए कहा कि उसके माता-पिता कम पढ़े लिखे थे, फिर भी कहते थे आधा पेट खायेंगे, लेकिन बच्चे को पढ़ाएंगे, क्योंकि पढ़ाई में वो ताकत है, जो जिंदगी बदल देती है। यह बात हर माता पिता को समझना होगा। वह बच्चा पूरे दिन मेहनत करता था और रात में होटल के बाहर पढ़ाई करता था। अभिषेक को देखकर मैने घर के बाकी सदस्य से बात किया और उसे घर लाया और ऐसे 29 निर्धन जरूरतमंद बच्चो को ढूंढ कर सुपर-30 की शुरुआत की। अभिषेक ने 2 साल संघर्ष और मेहनत के पश्चात केवल एक अटेम्प्ट में आईआईटी खडगपुर पहुंचा और विभिन्न देशों में नौकरी के पश्चात आज अमेरिका में कार्य कर रहा है।

इसी प्रकार शशि नारायण ने ठान लिया था कि सुविधा कम है, तो क्या हुआ संघर्ष और मेहनत करेंगे। उन्हें अंग्रेजी बिल्कुल नहीं आती थी, लेकिन मेहनत के बल पर आईआईटी खड़कपुर में एडमिशन मिला, लेकिन रैंक कम था। उन्होंने मेहनत करना नहीं छोड़ा और आईआईटी खडगपुर के रिजल्ट के सारे रिकॉर्ड ब्रेक कर कंप्यूटर साइंस में प्रमोट हुए और आज गूगल में काम कर रहे हैं। इसी तरह उन्होंने निधि झॉ के साथ अन्य प्रेरणादायक किस्से सुनाएं। पद्मश्री आनंद कुमार ने कहा कि यह कभी मत सोचें कि आप शासकीय स्कूल में पढ़ते है, सुविधाएं कम है तो कुछ नहीं कर सकते, जो संघर्ष से आगे बढ़ता है उसका मुकाबला कोई नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि ÷जो भी काम करो, उसे सर्वश्रेष्ठ तरीके से करो। बहानें मत बनाओ, मेहनत में कमी मत आने दो। संघर्ष जितना कठिन होगा, सफलता उतनी ही चमकेगी। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास 17 बैच के 510 बच्चों के संघर्ष की कहानियां है। जिन्हें हमने केवल एक प्लेट फॉर्म दिया लेकिन मेहनत उन्होंने किया। आपको ज्ञान से इनोवेशन की ओर बढना है, पढ़ाई का तरीके के साथ कैसे और क्यों को समझे। उन्होंने कहा कि सेल्फ स्टडी करें, दूसरे से कंपटीशन न करें स्वयं देखे क्या कर रहे है।

कार्यक्रम को सबसे पहले वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के उज्जवल भविष्य एवं सुनियोजित कैरियर निर्माण के लिए जिले में दो दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन हो रहा है। यह सफल आयोजन पिछले वर्ष भी किया गया था। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में युवाओं के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी है और आगे भी जारी रहेगा। युवाओं को बेहतर भविष्य के लिए तीन चीजें अत्यंत आवश्यक हैं जिसमें स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन व करियर प्लानिंग एवं कड़ी परिश्रम होना चाहिए, लेकिन आज के समय में अवसरों के साथ चुनौतियाँ भी बहुत हैं। उन्होंने कहा कि करियर से संबंधित पुस्तकें अवश्य पढ़ें, परीक्षाओं की जानकारी रखें और योजनाबद्ध रणनीति बनाकर आगे बढ़ें। यदि किसी को मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो उनसे भी संपर्क कर सकते हैं, वे सदैव सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में गड्ढे नहीं होते, वह छलांग लगाना नहीं सीख पाता। कभी यह मत सोचिए कि गरीबी, अभाव, छोटे विद्यालय या कठिन परिस्थितियाँ आपको रोक सकती हैं। कठिनाइयाँ ही इंसान को मजबूत बनाती हैं और उसे ऊँचे लक्ष्य तक ले जाती हैं। कार्यक्रम में स्टेडियम युवाओं से खचाखच भरा रहा। मौके पर विद्यार्थियों ने फ्लैश लाईट जलाकर और तालियों की गड़गड़ाहट से श्री आनंद कुमार का स्वागत किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में स्थान हासिल करने वाले जिले के प्रतिभागियों और स्नातकोत्तर में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा आईआईटी में चयनित आर. बालाजी यादव सहित उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वित्त मंत्री ने सौ से अधिक बच्चों को स्वेच्छानुदान के रूप में 5-5 हजार देने की घोषणा भी की, जिसे उपस्थित युवाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। आज शहर में आयोजित विशाल युवा सम्मेलन में अपने संघर्षों, अनुभवों और प्रेरक विचारों से हजारों युवाओं को दिशा दी। कार्यक्रम में महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, श्री अरूणधर दीवान, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, श्री उमेश अग्रवाल, श्री विकास केडिया, श्री पवन शर्मा, नगर निगम रायगढ़ के पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम श्री महेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देश की राजधानी में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का शानदार प्रदर्शन

**रायपुर,25 नवंबर।** राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आज छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत संगम दिखाई दिया। 44वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने अपनी पारंपरिक नृत्य-शैली और विविध लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरे वातावरण में उत्साह, ऊर्जा और आनंद भर दिया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, कांकेर लोकसभा सांसद श्री भोजराज नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दीप प्र'वलन कर की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ पवेलियन का अवलोकन किया तथा विभिन्न स्टॉलों में प्रदर्शित कला-कृतियों, हस्तशिल्प और उत्पादों को देखा। उन्होंने कलाकारों और उद्यमियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश की राजधानी में छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया÷ की गूंज सुनकर प्रत्येक छत्तीसगढ़ वासी गर्व से भर उठता है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा रायपुर में देश के पहले डिजिटल जनजातीय संग्रहालय के लोकार्पण का उल्लेख करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ कला, संस्कृति और परंपराओं की समृद्ध भूमि है, जहाँ तीज-त्योहार, लोक-नृत्य और पारंपरिक कलाएँ आज भी उसी उत्साह और गरिमा के साथ संरक्षित हैं। उन्होंने मिलेट्स उत्पादन, स्थानीय हस्तशिल्प और जनजातीय परंपराओं को रा'य की असीम संभावनाओं का प्रतीक बताया तथा कहा कि रा'य सरकार कलाकारों के संरक्षण, आर्थिक सहयोग और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को और सशक्त बना रही है। मुख्यमंत्री ने देशवासियों को छत्तीसगढ़ आने तथा इसकी सादगी, सांस्कृतिक संपन्नता और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया।

सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक-कलाओं की एक से बढ़कर एक झलक प्रस्तुत की।गौरा-गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ नृत्य, पंथी और करमा नृत्य जैसी लोक-शैली की सजीव प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मोहित कर लिया। सुआ नृत्य की गीतमय अभिव्यक्ति, राउत नाचा की जोशीली लय, पंथी की आध्यात्मिक छटा और करमा की मनभावन प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ की विविधता और लोक परंपराओं की गहराई को प्रभावी रूप से सामने रखा। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, छत्तीसगढ़ रा'य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, विधायक श्री संपत अग्रवाल, श्री प्रबोध मिंज, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, मुख्य सचिव श्री विकास शील, पर्यटन, संस्कृति एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव श्री रोहित यादव, सीएसआईडीसी के महाप्रबंधक श्री विश्वेश कुमार, संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य, खादी ग्रामोद्योग सचिव श्री श्याम धावड़े, इन्वेस्टमेंट कमिश्नर श्रीमती ॠतु सैन, आवासीय आयुक्त श्रीमती श्रुति सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### किसानों की शिकायत पर डिप्टी सीएम शर्मा ने पटवारी को किया निलंबित

**रायपुर, 25 नवंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने सहसपुर लोहारा के प्रवास के दौरान तहसील कार्यालय में किसानों को देखकर अपनी काफिला को रूकवाया। इसके बाद उन्होंने किसानों से मिलकर चर्चा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जमीन पर बैठकर किसानों से उनकी समस्या और शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुना। किसानों ने बताया कि हल्का नंबर 15 ग्राम कुरूवा के पटवारी श्री राजेश शर्मा द्वारा कृषकों के विभिन्न कार्यों में टालमटोल एवं अनाधिकृत रूप से विलंब किया जाता है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तत्काल संज्ञान में लेते हुए पटवारी राजेश शर्मा को मौके पर ही निलंबित करने का आदेश दिया। अधिकारियों द्वारा आदेश का पालन करते हुए वही पर निलंबन का आदेश निकाला। आदेश के अनुसार पटवारी श्री राजेश शर्मा हल्का नंबर 15 कुरूवा, रा.नि.मं. सिल्हाटी, तहसील सहसपुर लोहारा को अपने प्रभार क्षेत्र के कृषकों के विभिन्न कार्यों में टालमटोल एवं अनाधिकृत रूप से विलंब करने जाने का शिकायत पर संबंधित पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। उक्त आदेश के अनुक्रम तथा शासकीय कार्य में लापरवाही किये जाने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत, निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में निलंबित कर्मचारी श्री राजेश शर्मा पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय स.लोहारा (निर्वाचन शाखा) में होगा। संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदाय किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने किसानों से धान खरीदी तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी भी स्तर पर दिक्कत नहीं होनी चाहिए, किसान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। मौके पर उपस्थित सभी पटवारियों से उपमुख्यमंत्री ने कार्यों की स्थिति पूछी और कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि कृषकों के किसी भी कार्य में लापरवाही, देरी या टालमटोल बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के सभी राजस्व कार्य समय पर और पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। यदि किसी कर्मचारी द्वारा लापरवाही पाई जाती है तो तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को पूरे क्षेत्र की निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### स्मार्ट क्लास से कठिन विषय भी होंगे रोचक और आसान:उप मुख्यमंत्री शर्मा

**रायपुर, 25 नवंबर।** कबीरधाम जिले के स्कूलों में डिजिटलीकरण की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज ग्राम सिलहाटी के उच्चतर माध्यमिक शाला से सहसपुर लोहारा विकासखंड के अंतर्गत संचालित 9 शासकीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में सहसपुर लोहारा विकासखंड के सभी 9 स्कूल भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा भी बच्चों के साथ बच्चे बन गए और उनके साथ डिजिटल कक्षा में पढ़ाई की। इस दौरान जीव विज्ञान के शिक्षक ने उन्हें जीव विज्ञान में डिजिटल बोर्ड द्वारा थ्रीडी एनिमेटेड डिजिटल कंटेंट से आंख की संरचना, दिमाग की संरचना के संबंध में पढ़ाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने बच्चों की तरह शिक्षकों से सवाल भी किए। ज्ञात हो कि कवर्धा में डिजिटल कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल पर जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत विकासखंड कवर्धा में डिजिटल कक्षाओं की सुविधा का शुभारंभ पहले ही किया जा चुका है, जिसके बाद अब सहसपुर लोहारा क्षेत्र में भी डिजिटल शिक्षा का विस्तार किया जा रहा है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सड़क से स्कूल तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण की भी घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास के लाभ बताते हुए समझाया कि वे इस आधुनिक तकनीक का उपयोग कर किस प्रकार अपनी पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बना सकते हैं। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए।

### लोक कला महोत्सव में लिंगों घोटुल मांदरी नृत्य दल प्रथम कोंडागांव जिले का बढ़ाया मान

**रायपुर,25 नवंबर।** जनजातीय गौरव दिवस 2025 पर सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव में कोंडागांव जिले की लिंगों घोटुल मांदरी नृत्य दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। समारोह की मुख्य अतिथि देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों को प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले की मांदरी नृत्य दल को सम्मान मिला। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ÷लिंगों घोटुल मांदरी नृत्य दल ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और अनुशासन से जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। यह उपलब्धि हमारे समृद्ध जनजातीय कला-संस्कृति और जिले के कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। टीम की सदस्य आरती नेताम, निवासी हरवेल ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ÷मेहनत और संघर्ष के बाद हम इस मुकाम तक पहुँचे हैं। हमारी टीम को जहाँ भी बुलाया जाता था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ अहम मुलाकात

# राज्य में खाद्य प्रसंस्करण को मिलेगी नई दिशा

**रायपुर ,25 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री श्री चिराग पासवान से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ से जुड़े अनेक जनहित विषयों पर रचनात्मक और सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से राज्य में खाद्य सुरक्षा, कृषि-आधारित उद्योगों और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट संस्थान की स्थापना छत्तीसगढ़ में की जाए, ताकि राज्य के युवाओं को आधुनिक खाद्य तकनीक, उद्यमिता तथा नए रोजगारों से संबंधित उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कृषि दृष्टि से छत्तीसगढ़ एक मजबूत राज्य है और यहां ऐसे संस्थान से हजारों छात्रों, किसानों तथा खाद्य-आधारित उद्यमों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।



केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान ने इस प्रस्ताव को अत्यंत सकारात्मक रूप से लेते हुए कहा कि वे इस विषय पर हर संभव सहयोग देंगे और इसे गंभीरता से विचार में लेंगे। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने यह अनुरोध भी किया कि वर्ल्ड फूड इंडिया के रीजनल समिट का आयोजन रायपुर में किया जाए। उन्होंने कहा कि रायपुर की समृद्ध खाद्य परंपरा, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और विविधता ऐसे आयोजन के लिए आदर्श गंतव्य बनाती है। यह फेस्टिवल क्षेत्रीय पाक-परंपराओं को वैश्विक पहचान देगा और नए खाद्य-आधारित उद्यमों के लिए बड़े अवसर उत्पन्न करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आयोजन दिल्ली के वर्ल्ड फूड इंडिया अथवा गुवाहाटी के नॉर्थ ईस्ट फूड फेस्ट की तर्ज पर हर दो वर्ष में आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में खाद्य वस्तुओं की जांच के लिए फूड टेस्टिंग लैब तथा खाद्य उत्पादों को सुरक्षित रखने के लिए फूड इर्रेडिएशन यूनिट स्थापित की जानी हैं, जिनके लिए राज्य केंद्र से सहयोग चाहता है। उन्होंने कहा कि धान तथा फ्लङ्कसब्जी आधारित उद्योगों में बड़े निवेशकों की भागीदारी बढ़ने से किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को व्यापक गति मिलेगी।मुख्यमंत्री श्री साय ने जानकारी दी कि राज्य की नई औद्योगिक नीति में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को विशेष महत्व दिया गया है और निवेशकों को अनेक अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत छ्रह्म्श्वद्यह्य कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ में ?1,000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है, जिससे लगभग 3,000 लोगों को रोजगार मिलेगा और इसका लाभ ग्रामीण व आदिवासी समुदायों तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को राइस ब्रान ऑयल हब के रूप में विकसित करना है, जिससे तेल आयात पर निर्भरता कम होगी और 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय लक्ष्य को सुदृढ़ समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ और विकसित भारत 2047 का सपना इन्हीं प्रयासों के माध्यम से साकार होगा।

# कलेक्टर ने किया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा एवं प्राथमिक शाला गुदुम का निरीक्षण

**बालोद, 25 नवंबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा एवं प्राथमिक शाला गुदुम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में क्लास रूम में पहुँचकर विद्यार्थियों से अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने प्राथमिक शाला गुदुम के निरीक्षण के दौरान बच्चों के मध्यान्ह भोजन को चखकर भोजन की गुणवत्ता को परखा। बच्चों को स्कूल में प्रदान की जाने वाली मध्यान्ह भोजन बहुत ही स्वादिष्ट एवं गुणवत्तायुक्त होने पर कलेक्टर ने भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष ने भी मध्यान्ह भोजन को चखकर भोजन की गुणवत्ता की सराहना की। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कक्षा तीसरी में अध्ययनरत छात्र अजय से बातचीत कर उनके आँख के परेशानियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानपाठक को तलब कर छात्र श्री अजय कुमार के आँख की समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में पहुँचकर अध्ययन-अध्यापन के व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से पढ़ाई-लिखाई के अलावा उनके कक्षा 10वीं एवं 11वीं के परीक्षा परिणामों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों को खूब मेहनत कर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल करने की सीख भी दी। इस दौरान उन्होंने गणित विषय के विद्यार्थी ओमेश्वर से बातचीत कर उनके मेंटर के संबंध में जानकारी ली। विद्यार्थियों द्वारा संबंधित छात्र का मेंटर शिक्षिका श्रीमती परमेश्वरी यादव होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने संबंधित मेंटर शिक्षिका को तलब कर अपने विद्यार्थी के पढ़ाई-लिखाई का समुचित मॉनिटरिंग करने तथा उनके माता-पिता से भी चर्चा करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा जेईई और नीट की परीक्षाओं के लिए कोचिंग आयोजित करने की भी जानकारी दी।



# कलेक्टर ने किया एसआईआर के कार्यों का अवलोकन

**बालोद, 202525 नवंबर।** श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम गुजरा एवं गुदुम में पहुँचकर विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कर रहे बीएलओ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को इस कार्य को विशेष सावधानी के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने ग्राम गुजरा में विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में सहयोग प्रदान कर रही मितानिनों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम श्री सुरेश साहू से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत एक आदर्श फॉर्मेट को कार्य स्थल पर चस्पा कराने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने ग्राम पंचायत भवन गुदुम में पहुँचकर वहाँ बीएलओ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर एक बीएलओ के द्वारा 75 प्रतिशत एवं दो अन्य बीएलओ के द्वारा 70 प्रतिशत कार्य होने की जानकारी दी गई। जिस पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को जिला स्तर पर सम्मानित करने की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष, एसडीएम श्री सुरेश साहू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ पेवेलियन का किया अवलोकन



**रायपुर,25 नवंबर।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज छत्तीसगढ़ पेवेलियन आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के पेवेलियन का भ्रमण कर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने पेवेलियन में प्रदर्शित उत्पादों और नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वैश्विक व्यापार मंचों पर लगातार अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, वनोपज आधारित उत्पाद और पारंपरिक कला वैश्विक बाजार में अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश के खरीदारों के बीच छत्तीसगढ़ी उत्पादों की बढ़ती मांग स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और हमारे कारीगरों के सम्मान को नई दिशा दे रही है। यह 'आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़' के हमारे संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने पवेलियन में प्रदर्शित कोसा सिल्क, धातु-शिल्प, ढोकरा कला, प्राकृतिक वन-आधारित उत्पाद, मिलेट-आधारित फूड प्रोडक्ट्स और सूक्ष्म उद्यमों के अभिनव मॉडल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने पेवेलियन में बस्तर की समृद्ध विरासत और कलाकृतियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने डिजिटल टीवी पर प्रसारित डॉक्यूमेंट्री 'बदलता बस्तर (आमचो बस्तर)' का अवलोकन करते हुए कहा कि डॉक्यूमेंट्री में आज का नया बस्तर स्पष्ट दिखाई देता है। बस्तर बदल चुका है, और यह डॉक्यूमेंट्री उसी परिवर्तन का जीवंत अवलोकन कराती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय और ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने के लिए विभिन्न योजनाओं और संस्थागत समर्थन को निरंतर मजबूत कर रही है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित थे।

जला विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### शिशु मंदिर स्कूलों में कैरियर काउंसिल और मोटिवेशनल प्रोग्राम आयोजित



**भाटापारा 25 नवंबर।** किरण इवेंट फ्यूज़न एक समर्पित और बहुआयामी वेलफेयर फ़ाउंडेशन के चेयरमैन अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा शैक्षणिक उत्थान के लिए सरस्वती शिशु मंदिर और मंयुर क्लब शिशु मंदिर स्कूलों में कैरियर काउंसिल और मोटिवेशनल प्रोग्राम संपन्न कराया गया जिसमें अतिथि के रूप में श्री लक्ष्य टारगेट नेशनल ट्रेनर द्वारा केरियर काउंसिल की ट्रेनिंग दी गई इस प्रकार के आयोजन लगातार स्कुल करायें जा रहें हैं यह कार्य लोगों को प्रेरणा का संदेश संचालित करता है संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाना और अवसर प्रदान करना है, फ़ाउंडेशन छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाता है। हर वर्ष आयोजित होने वाले यह कार्यक्रम में छात्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता है और उन्हें सामाजिक मंच पर पहचान प्रदान करता है साथ में फाउण्डेशन के डा. वीणा साहू, सीमा मल , पुजा देशमुख, दीपिका पांजा ने भी अपने अंदाज में बच्चों को प्रेरित किया स्कुलो में इस कार्यक्रम की सराहना की।

महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बना रहा है प्रसंस्करण कार्य

# केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई जामगांव एम : रोजगार, प्रसंस्करण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा

**रायपुर, 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शासन एवं राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित द्वारा राज्य के वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों से विभिन्न वनोपज और औषधीय पौधों को खरीदकर उनका संग्रहण एवं प्रसंस्करण किया जा रहा है। इनसे तैयार होने वाले हर्बल उत्पाद 'छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड' के नाम से निर्मित किए जा रहे हैं, जिनका उपयोग लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता है। जामगांव एम, पाटन स्थित केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई लगभग 111 एकड़ क्षेत्र में विकसित की गई है। यहां स्थापित प्रसंस्करण इकाई क्रमांक-01 में स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों को काम दिया गया है। यहां आंवला, बेल और जामुन से विभिन्न उत्पाद पूरी शुद्धता के साथ तैयार किए जा रहे हैं, इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार आया है। मात्र



एक वर्ष में इस इकाई ने 44 लाख रुपये मूल्य के उत्पाद तैयार कर विक्रय किए हैं। यहां प्रमुख उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। जिसमे आंवला जूस, कैन्डी, लच्छा, बेल मुरब्बा, बेल शरबत,जामुन पल्प, जूस, आर.टी.एस. पेय तैयार उत्पादों का विक्रय एनडब्ल्यूएफ्पी मार्ट और संजीवनी स्टोर के माध्यम से किया जा रहा है। इकाई क्रमांक-02 में कुल चार बड़े गोदाम बनाए गए हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 20 हजार मीट्रिक टन है। यहां राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त वनोपज का सुरक्षित भंडारण किया गया है। इस यूनिट में 15 हजार 138 क्विंटल कोदो, 229 क्विंटल कुटकी, 186 क्विंटल रागी, 31 क्विंटल हर्रा कचरिया, 32 क्विंटल चिरायता/कालमेघ, 66 क्विंटल पलास फूल, 69 क्विंटल साल बीज आदि वनोपज का भंडारण किया गया है। इन सभी उत्पादों का विक्रय निविदा के माध्यम से संघ मुख्यालय रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इन दोनों इकाइयों के संचालन से अब तक 5 हजार 200 से अधिक मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पी पी पी) के तहत छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ और स्फेयर बायोटेक कंपनी के संयुक्त प्रयास से जामगांव एम में हर्बल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापना की गई है। इसका लोकार्पण वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वन मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा किया गया था। यह यूनिट 6 एकड़ क्षेत्र में बना है, जहां पर इन औषधीय पौधों से अर्क निकाला जाता है जिसमें गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मुसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, शतावरी आदि वनोपज शामिल है । निकाले गए अर्क का उपयोग आयुर्वेदिक औषधियों और वेलनेस उत्पादों के निर्माण में किया जा रहा है। वन क्षेत्रों में रहने वाले संग्राहकों से खरीदे जाने वाले वनोपज का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा तथा इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही, ग्रामीणों के लिए नए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।स्फेयर बायोटेक द्वारा ग्रामीण संग्राहकों से वनोपज और औषधीय उपज का पूर्ण क्रय किया जाएगा, इससे उन्हें नियमित आय उपलब्ध होगी और उत्पाद का सही मूल्य मिलेगा। यह केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई, गोदाम और हर्बल एक्सट्रैक्शन यूनिट न केवल वनोपज की मूल्यवृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों, महिलाओं और संग्राहकों के लिए रोजगार व आय के नए अवसर भी सृजित कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने जब्त किए गए धान का किया अवलोकन

**बालोद, 25 नवंबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के फुटकर धान व्यापारी श्री पन्नू लाल के घर में पहुँचकर खाद्य विभाग एंव कृषि उपज मंडी की जाँच टीम द्वारा जब्त किए गए अवैध धान का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कृषि उपज मंडी के अधिकारियों को जब्त किए गए सभी धान बोरे में अनिवार्य रूप से जप्ती के सील लगाने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग एवं कृषि उपज मंडी के जाँच दल के अधिकारियों के द्वारा फुटकर धान व्यापारी श्री पन्नूलाल के घर में जाँच के दौरान उनके पास कृषि उपज मंडी द्वारा उन्हें जारी किए गए अनुज्ञप्ति के आधार पर 10 क्विंटल से बहुत अधिक मात्रा में धान पाया गया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जाँच दल के अधिकारियों द्वारा 75 कट्टा अतिरिक्त धान की जप्ती की कार्रवाई की गई है। जाँच दल के अधिकारियों के द्वारा जब्त किए गए कुल 75 कट्टा धान बोरियों में सील आदि लगाने की सभी कार्रवाई सुनिश्चित कर फुटकर व्यापारी श्री पन्नूलाल कोरेटिया के सुपुर्दगी में दी गई है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202510142400003/
अ-2/2024-25
साकिन :- जुनवानी, प.ह.न.03

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा चनापे पति संदीप चनापे, जाति हल्बा, निवासी ग्राम बगदई, तहसील गुरूर, जिला बालोद के द्वारा ग्राम जुनवानी, प.ह.नं. 03 में स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर खसरा नंबर 336/2 में से रकबा 0.032 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 28/11/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 14/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर

## एक नजर

### माशिमं ने जारी किया वार्षिक टाइम टेबल



**रायपुर 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ बोर्ड से हाई स्कूल परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे स्टूडेंट्स के लिए बड़ी खबर है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा हाई स्कूल मुख्य वार्षिक परीक्षा 2026 टाइम टेबल जारी कर दी गई है। डेट शीट के मुताबिक दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 21 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक करवाया जायेगा। सीजी बोर्ड की ओर से परीक्षाओं का आयोजन एक ही पाली में करवाया जायेगा जिसके लिए टाइमिंग सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12:15 तक रहेगी। छात्र-छात्राओं को सुबह 9 बजे कक्षा में स्थान ग्रहण करना होगा। इसके बाद 9:5 तक उत्तर पुस्तिका का वितरण किया जायेगा। इसके बाद छात्रों को 9:10 पर प्रश्न पत्र का वितरण किया जायेगा। छात्रों को 9:15 से लेकर 12:15 तक उत्तर दर्ज करने का समय मिलेगा। छत्तीसगढ़ बोर्ड 10th बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे स्टूडेंट्स विषय एवं डेट के अनुसार नीचे टेबल से चेक कर सकते हैं कि किस तिथि में किस विषय का पेपर आयोजित होगा। इसके साथ ही आप नीचे दिए PDF लिंक पर क्लिक करके डेटशीट डाउनलोड भी कर सकते हैं भी छात्रों की जानकारी के लिए बता दें कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड स्कूल में प्राप्त होंगे। बोर्ड की ओर से परीक्षा से कुछ दिन पहले प्रवेश पत्र स्कूल में भेज दिए जायेंगे। इसके बाद विद्यार्थी क्लास टीचर या प्रिंसिपल से संपर्क करके एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे।

### नरेन्द्र वर्मा को प्रबंधन में पीएचडी की उपाधि



**रायपुर 25 नवंबर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के उप कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र वर्मा ने प्रबंधन (मैनेजमेंट) विषय में पीएच.डी. की उपाधि अर्जित की है। डॉ. वर्मा ने ए स्टडी ऑन इन्वेस्टमेंट पैटर्न्स ऑफ इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स इन छत्तीसगढ़ विषय पर अपना शोध कार्य भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में डॉ. नम्रता गैन के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। शोध उपाधि प्राप्ति पर डॉ. वर्मा को उनकी पत्नी डॉ. ममता सिरमौर वर्मा, परिजनों तथा शुभचिंतकों का निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनके इस उपलब्धि पर शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में हर्ष व्यक्त किया जा रहा है।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के लिए जुटा युवा मोर्चा



**रायपुर 25 नवंबर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश भर में एकता के संदेश को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन मध्य क्षेत्र नागपुर (नर्मदा प्रवाह) से प्रारंभ होकर आज बैतूल की ओर प्रस्थान कर रही है। यह यात्रा विभिन्न स्थानों से गुजरात स्टैचू ऑफ यूनिटी की पहुंचेगी। जिसमे छत्तीसगढ़ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए है। यह यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव पर आधारित है। छत्तीसगढ़ से निकले हुए युवाओं की टोली का यह दूसरा दिन है।

### गाइडलाइन दरों में भारी बढ़ोतरी के खिलाफ सत्यमेव जयते फाउंडेशन करेगा आंदोलन



**रायपुर 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में भूमि गाइडलाइन दरों में की गई भारी-भरकम बढ़ोतरी के खिलाफ सत्यमेव जयते फाउंडेशन ने प्रदेशव्यापी बड़े आंदोलन की घोषणा की है । फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि यह बढ़ोतरी बेहद अव्यवहारिक, जनविरोधी और आम जनता की क्षमता के विपरीत है, जिससे लाखों परिवारों का घर बनाने का सपना चकनाचूर हो जाएगा । श्री अग्रवाल ने कहा कि गाइडलाइन दरें सिर्फ कागजों पर अंकित दस्तावेज नहीं बल्कि उन्हीं के आधार पर रजिस्ट्री शुल्क, स्टांप शुल्क, परिसंपत्ति की कीमत और आवास निर्माण की लागत तय होती है । इतने बड़े पैमाने पर की गई अप्रत्याशित बढ़ोतरी का सीधा असर हर उस परिवार पर पड़ेगा जो अपना छोटा सा घर बनाने के लिए जमीन खरीदना चाहता है । उन्होंने कहा कि यह फैसला मध्यम वर्ग, निम्न वर्ग, किसानों, युवाओं और रोजगार की तलाश में शहरों का रुख करने वाले परिवारों पर अत्यधिक बोझ डालने वाला है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण है, रोजगार के अवसर सीमित हो रहे हैं और महंगाई आम लोगों की कमर तोड़ रही है, ऐसे समय में गाइडलाइन दरें बढ़ाना किसी भी रूप में न्यायसंगत नहीं है । इससे रियल एस्टेट, निर्माण कार्य, भवन निर्माण और इससे जुड़े हजारों श्रमिकों के रोजगार पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा । कन्हैया अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि सत्यमेव जयते फाउंडेशन इस जनविरोधी निर्णय का पुरजोर विरोध करेगा और इसे पूरी तरह गैरराजनीतिक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएगा ।

# स्थानांतरित चौपाटी स्थल को सजाने-संवारने अधिकारियों को महापौर के निर्देश

## चौपाटी संचालक के किरायेदार मेरे शहर की सम्मानित जनता.उनकी पूरी चिंता हम करेंगे



**रायपुर 25 नवंबर।** साइंस कालेज के समीप से आमानाका रेल्वे ओव्हर ब्रिज के समीप निर्धारित नवीन वेंडिंग जोन में शिफ्ट किये गये चौपाटी वेंडरो ने आज नगर निगम रायपुर मुख्यालय पहुंचकर महापौर श्रीमती मीनल चौबे से उनके कार्यालयीन कक्ष में मुलाकात की एवं नये वेंडिंग जोन को शीघ्र सुविधा युक्त बनवाने का अनुरोध किया।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने ध्यानपूर्वक चौपाटी वेंडरों की बातों को सुना और महापौर कक्ष में उपस्थित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के उपप्रबंधक और रायपुर नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री अंशुल शर्मा जुनियर, निगम सहायक अभियंता श्री शैलेन्द्र पटेल, स्मार्ट सिटी सहायक प्रबंधक निगम उपअभियंता श्री शुभम तिवारी, श्री योगेन्द्र साहू को निर्देशित किया कि नये वेंडिंग जोन आमानाका आरओबी के समीप साइंस कालेज के समीप के वेंडिंग जोन से शिफ्ट किये गये चौपाटी वेंडरो को वहां प्राथमिकता से फोकस करते हुए सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट और सुरक्षा व्यवस्था की सुविधा शीघ्र उपलब्ध करवाना रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम के संबंधित अधिकारियों से समन्वय रखकर सुनिश्चित किया जाये ताकि यह चौपाटी वेंडर्स के लिए सुविधायुक्त वेंडिंग जोन बना रहे। सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, सुरक्षा व्यवस्था कायम कर प्रशासनिक तौर पर उसकी सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाये ताकि नये वेंडिंग जोन में जाने वाले नगरवासियो को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। भविष्य में आमानाका आरओबी समीप के नये वेंडिंग जोन का व्यवहारिक आवश्यकता के अनुरूप सौंदर्यीकरण करने आवश्यक प्रस्ताव सर्वे आदि कर तैयार किया जाये ताकि उसे जन अपेक्षित रूप से भविष्य में आने वाले समय में सुन्दर स्वरूप दिया जा सके। महापौर ने चौपाटी वेंडर्स से कहा कि वे नये वेंडिंग जोन में अपना व्यवसाय शीघ्र प्रारंभ करें ताकि नागरिको को शीघ्र अच्छी सुविधा प्राप्त हो सके।

# 55 योजनाओं से बनेंगे 12 हजार से ज्यादा मकान



**रायपुर 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में इस वर्ष आवास विकास के क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा विस्तार शुरू किया गया है। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड ने राज्यभर में 55 नई योजनाओं के माध्यम से 12,149 आवासीय इकाइयों के निर्माण की घोषणा की है। इनमें फ्लैट, डुप्लेक्स और स्वतंत्र मकान शामिल हैं, जिन्हें अगले 24 महीनों के भीतर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

राजधानी रायपुर इस व्यापक अभियान में सबसे आगे है, जहां 4,275 नए मकानों को स्वीकृति दी गई है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि ये योजनाएं LIG, MIG और HIG– तीनों वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, ताकि हर परिवार अपनी क्षमता के अनुसार घर ले सके।

रायपुर के शंकर नगर स्थित BTI ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आवास मेले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुल ?2,060.28 करोड़ की आवास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने हाउसिंग बोर्ड का ?790 करोड़ का कर्ज चुकता कर दिया है, जिससे बोर्ड अब नवाचार आधारित नए प्रोजेक्ट्स पर अधिक फोकस कर सकेगा।

# जैतूसाव मठ में श्री राम-जानकी विवाह महोत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़



**रायपुर 25 नवंबर।** राजधानी के ऐतिहासिक जैतू साव मठ मे आज भगवान श्री राम और माता जानकी का विवाह महोत्सव बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया , नहडोरी स्नान , विशेष श्रृंगार , बैंड बाजे के साथ बारात निकाला गया व 21 वैदिक पंडितों द्वारा वेदमंत्रोचार व साखोचार किया गया, महिला मंडली द्वारा विवाह भंडौनी गीत, मंगल ध्वनि और गाजे-बाजे के बीच भगवान राम और माता सीता के विवाह की सभी रस्में निभाई गईं। भोग में पपची अईरसा ,खस्ता कलेवा दही चिवड़ा प्रसादी वितरण किया गया। उपस्थित 200 से ज्यादा महिलाओं को चिकट में साड़ी व कम्बल वितरण किया गया। पुजारी सुमित तिवारी द्वारा महाआरती की गई।

भक्तों को प्रभु श्री राम और माता जानकी के पावन विवाह का साक्षी बनने का सौभाग्य मिला जिसमें मुख्य रूप से सचिव महेंद्र अग्रवाल,अजय तिवारी, डां विठ्ठल अग्रवाल,अमित अग्रवाल, शारदा शुक्ला, शैल अग्रवाल, शालिनी,संतोषी, मनिषा यदू , उज्जवल ठाकुर, यश अग्रवाल , हरिओम चौरे, दिपक पाठक, डां आकांक्षा, मंजु सिह, कल्पना,व बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे ।

# रात को मांढर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लग जाता है ताला



**रायपुर 25 नवंबर।** धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था के बुरे हाल पर विष्णु देव साय सरकार और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर जनता के साथ घोर विश्वासघात कर रही है।राजधानी रायपुर से मात्र 12 किलोमीटर दूर धरसीवा जनपद पंचायत के सबसे बड़े ग्राम पंचायत मांढर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दुर्दशा इस सरकार की अक्षमता, लापरवाही और जनविरोधी नीतियों का जीता-जागता प्रमाण है। रविवार रात्रि करीब 8 बजे मांढर गांव के निवासी संतु ध्रुव को आवारा बिल्ली ने गंभीर रूप से पैर में काट लिया। पीड़ित जब उपचार के लिए मांढर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो मुख्य द्वार पर ताला लटका था और ड्यूटी में तैनात डॉक्टर-कर्मचारी पूरी तरह गायब थे। मजबूरन उन्हें 20 किलोमीटर दूर धरसीवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ा, जहां उनकी जान पर बन आई। यह कोई पहली या अकेली घटना नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की व्यवस्थागत विफलता का नंगा नाच है। श्री बंजारे ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद से स्वास्थ्य व्यवस्था को ताक पर रखकर सिर्फ चुनावी जुमलों और प्रचार में लगी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की नाकामी के कारण ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रात्रि में बंद पड़े रहते हैं, जिससे गर्भवती महिलाएं, बच्चे और मजदूर वर्ग अपनी जान गंवाने को मजबूर हैं। मांढर का यह केंद्र आसपास के दर्जनों गांवों और औद्योगिक क्षेत्र के हजारों लोगों का एकमात्र सहारा है, लेकिन सरकार की उदासीनता से यह मौत का कुआं बन चुका है।पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारे ने सवाल उठाया, क्या भाजपा सरकार जनता की जान से खेल रही है? क्या स्वास्थ्य मंत्री की कुर्सी इतनी मजबूत है कि वे ऐसी आपराधिक लापरवाही पर चुप्पी साधे बैठे हैं? उन्होंने कहा कि यह भाजपा शासन की जनविरोधी नीतियों का परिणाम है, जहां बजट की लूट मची है, लेकिन ग्रामीण स्वास्थ्य पर एक पैसा खर्च नहीं हो रहा। पूर्ववर्ती सरकारों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर थीं, किंतु विष्णु देव साय सरकार ने सब कुछ चौपट कर दिया।

# 'वोकल फॉर लोकल' को मिलेगा प्रोत्साहन

**रायपुर 25 नवंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट की अनुसंधान शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के नवीनतम अध्ययन के अनुसार 1 नवंबर से 14 दिसंबर 2025 के बीच प्रदेश सहित देशभर में लगभग 46 लाख शादियाँ होंगी, जिनसे करीब लगभग ?6.50 लाख करोड़ का व्यापार होने का अनुमान है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयर मैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी जी ने बताया कि इस वर्ष होने वाले विवाहों में खर्च का पैटर्न भी उल्लेखनीय है। शादी बजट के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर विभाजन लगभग इस प्रकार है- 3 प्रतिशत शादियाँ ?1 करोड़ से ?10 करोड़ के बजट में होंगी, जबकि 9 प्रतिशत शादियों का बजट ?50 लाख से ?1 करोड़ के बीच रहेगा। लगभग 25 प्रतिशत शादियाँ ?25 लाख से ?50 लाख के बजट में होंगी, और 22 प्रतिशत शादियाँ ?15 लाख से ?25 लाख की श्रेणी में आएँगी। वहीं सर्वाधिक 41 प्रतिशत शादियाँ ?15 लाख से कम बजट में सम्पन्न होंगी। यह आँकड़े दर्शाते हैं कि विवाह उद्योग हर वर्ग के लिए समान रूप से अवसर पैदा करता है और छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े सेवा प्रदाताओं तक सभी के लिए व्यापक आर्थिक संभावनाएँ उपलब्ध कराता है। अध्ययन में यह सामने आया कि शादी से जुड़े 70 प्रतिशत से अधिक सामान अब भारतीय निर्मित हैं-परिधान, आभूषण, सजावट सामग्री, बर्तन, कैटरिंग आइटम आदि। कैट के वोकल फॉर लोकल वेडिंग्स अभियान के कारण चीनी लाइटिंग, इम्पोर्टेड डेकोरेशन, गिफ्ट एक्सेसरीज़ आदि की मांग में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इससे भारतीय कारीगरों, ज्वैलर्स और वस्त्र उद्योग को बड़ा लाभ मिल रहा है।

### भारतीय दर्शन पर कॉन्क्लेव आयोजित




**रायपुर 25 नवंबर।** ग्लोबल इंडोलॉजी कॉन्क्लेव में दुनिया भर से आए विद्वान इंडोलॉजी, भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक अध्ययन पर अपने शोध और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक अकादमिक जगत में भारतीय ज्ञान परंपरा को नई ऊर्जा देना है। राम की शांति और कृष्ण की बुद्धि ने अदाणी कॉन्क्लेव को खास बना दिया। शिक्षा मंत्रालय के इंडियन नॉलेज सिस्टम के साथ मिलकर आयोजित तीन दिवसीय ग्लोबल इंडोलॉजी कॉन्क्लेव में भारतीय सभ्यता, भाषा, दर्शन और सांस्कृतिक विरासत पर केंद्रित खास चर्चा की। एक विशेष सत्र में टीवी धारावाहिकों में राम और कृष्ण की भूमिका निभाने वाले प्रमुख कलाकार अरुण गोविल और नीतीश भारद्वाज ने समकालीन जीवन में इन दोनों पात्रों की प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार रखे।

इंडोलॉजी मिशन में योगदान देने वाले विद्वानों और तकनीकी विशेषज्ञों के समर्थन के लिए 100 करोड़ रुपये के संस्थापक योगदान की घोषणा करते हुए विनम्र महसूस कर रहा हूँ। यह एक सभ्यतागत ऋण की अदायगी है।

# धान खरीदी कम करने रकबा में कटौती कर रही सरकार

■ नहीं खरीदा जा रहा है किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान

**रायपुर 25 नवंबर।** धान खरीदी में रकबा कटौती को लेकर सरकार पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है छत्तीसगढ़ के किसान डिजिटल कॉर्प सर्वे और गिरदावली के बोगस आंकड़ों के आधार पर किए जा रहे रकबा कटौती से व्यथित हैं। 21 क्विंटल प्रति एकड़ के बजाय मात्र 15 से 17 क्विंटल प्रति एकड़ धान ही बेच पा रहे हैं। सरकार की दुर्भावना से प्रदेश के किसानों के हाथों शोषण का शिकार होने मजबूर है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार के मौखिक आदेश से अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग त्रुटिपूर्ण व्यवस्था की गई है, कई जगह डिजिटल सर्वे किया गया है, तो कई जगह खटिया गिरदावली के आधार पर, बिना मौका मुआयना के फर्जी अनावरी रिपोर्ट बनकर प्रति एकड़ धान खरीदी की लिमिट तय की गई है, इस तरह के सरकार की दुर्भावना और खिचड़ी व्यवस्था से पूरा सिस्टम बिगड़ गया है। गिरदावली करना राजस्व विभाग का काम है लेकिन जब किसान अपनी शिकायत लेकर राजस्व विभाग पहुंच रहे हैं, तो उन्हें समाधान के लिए खाद्य विभाग भेजा जा रहा है, खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी किसानों को कृषि और सहकारिता विभाग के पास भेज रहे, इस तरह से त्रुटि सुधरवाने के लिए चार-चार विभाग से जूझ रहे किसान हताश हो चुके हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि एकीकृत किसान पोर्टल और एग्री स्टेक पोर्टल का मिलान करने पर कई किसान गायब मिल रहे हैं, धान के फसल के 5 लाख हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कम हुआ है, इसमें से भी डिजिटल कॉर्प सर्वे में खेत के फसल को निरंक बताया गया है, अर्थात जिन किसानों ने अपने खेत में धान का फसल बोया गया है, उनके भी फसल के कॉलम में निरंक दर्ज कर दिया गया है जिससे किसान धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। किसानों के खेतों के रकबा में कटौती किसानों की आम समस्या बन गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि किसानों का पूरा धान तैयार है, लेकिन रिकार्ड में जमीन कम दिखाने से किसान अपना पुरा धान बेच नहीं पा रहे हैं, सरकार और प्रशासन की गलती से सीधा नुकसान किसानों को हो रहा है। तहसील ऑफिस, राजस्व कार्यालय, जिला कलेक्टर से लेकर मंत्री विधायकों तक किसान लगातार शिकायत कर रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं है इस सरकार में समाधान के लिए कोई समय सीमा निश्चित नहीं की गई है त्रुटि पूर्ण गिरदावली मोहल्ला पर वही नहीं बल्कि किसानों के अधिकार से खिलवाड़ है गिरदावाली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही होनी चाहिए लेकिन इस सरकार में कहीं दिख नहीं रहा है। प्रशासन के रवैए से स्पष्ट है कि यह सरकार किसानों से पुरा धान नहीं खरीदना चाहती है।

# निश्चेतना विशेषज्ञों का राजधानी में सम्मेलन 28 से



**रायपुर 25 नवंबर।** निश्चेतना पर नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन रायपुर छत्तीसगढ़ में हो रहा है। अखिल भारतीय इस निश्चेतना सम्मेलन में देश के करीब 3000 विदेश से 40 विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं डा. माइकल पार्र अंतरराष्ट्रीय अग्रणी विशेषज्ञ सिडनी से आए हैं, CTLS एक वर्कशॉप के माध्यम से यहां उपस्थित सभी निश्चेतना विज्ञानियों का प्रायोगिक तौर पर ज्ञानवर्धन करेंगे। इसके अलावा 16 और वर्कशॉप आयोजित किया जा रहे हैं। चार जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, 4 एआईआईएमएस, एवं एक आइ एल एस, वी वाई, रामकृष्ण, एनएचएमएमआई, डी के एस एवं नारायण हॉस्पिटल में रखे गए हैं। इन सभी का आयोजन 25 एवं 26 नवंबर को किया जा रहा है।

28, 29 और 30 नवंबर को तीन दिवसीय शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया है. जिसमें देश भर के निश्चेतना विशेषज्ञ अपनी निपुणता, प्रायोगिकता, एवं ज्ञान विविधता का परिचय उपस्थित छात्रों एवं डेलिगेट्स के बीच करेंगे। इसके साथ-साथ ओरेशन मोटिवेशनल स्पीच, लीडरशिप समिट, पेपर एवं पोस्टर प्रस्तुतीकरण, क्विज का आयोजन भी किया गया है। इस सम्मेलन में आर्ट गैलरी, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समावेश किया गया है जिसमें बहुमुखी प्रतिभा के धनी निश्चेतना विशेषज्ञ अपनी प्रस्तुति देंगे। देश भर के विशेषज्ञ बाइक एवं कार रैली के माध्यम से रायपुर शहर में निश्चेतना के प्रति सामाजिक जागरूकता का संदेश भी देंगे। एक क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्थानीय विरुद्ध शेष भारत की टीम आपस में मैच खेलेगी। इस सम्मेलन में देश-विदेश की 150 अलग-अलग मेडिकल डिवाइस कंपनियां हिस्सा ले रही है जो अपनी नवीनतम टेक्नोलॉजी के मशीनों का प्रदर्शन करेंगे एवं चिकित्सकों को उपकरणों में हुए विकास का परिचय कराया जाएगा।

# कांग्रेस अब पतन की ओर बढ़ चुकी: नलिनीश ठोकने

**रायपुर 25 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने राजनांदगाँव में प्रदेश युवा कांग्रेस की अंदरूनी कलह के खुलकर सामने आने युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी की बैठक से युकां कार्यकर्ताओं की किनाराकशी पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि इससे साफ पता चल रहा है कि कांग्रेस का संगठनात्मक ढाँचा कितनी बुरी कदर चरमरा गया है! श्री ठोकने ने कहा कि चुनावों में लगातार हारती जा रही कांग्रेस अब अपने पतन की पराकाष्ठा की ओर बढ़ चुकी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठोकने ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक लगातार हार के बावजूद अपने संगठनात्मक ढाँचे की जरा भी फिक्र नहीं कर रहे हैं, जो कांग्रेस और उससे जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों के अपमान से जगजाहिर हो रहा है। श्री ठोकने ने कहा कि कांग्रेस अपने इसी जर्जर होते जा रहे संगठन के कारण जमीनी पकड़ खोती जा रही है। ले-देकर कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान चलाया तो वह भी गुटबाजी की भेंट चढ़ गया है, जिसके चलते आज तक प्रदेश में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो पाई है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26